RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

3rd Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

पेज 7
शर्लिन चोपड़ा बर्थडे
15 साल की उम्र में जीता मिस आंध्र का खिताब, 'प्लेबॉय' में फोटोशूट से मिली शोहरत



VOL: 03 | ISSUE 19 | WEDNESDAY DATE 11-02-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## मोटरसाइकिल से मोबाइल स्नैचिंग करने वाला गिरफ्तार, 2 बाइक और 11 फोन बरामद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।** नोएडा के सेक्टर-58 थाना पुलिस को मोबाइल फोन स्नैचिंग की घटनाओं पर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से मोबाइल फोन छीनने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रिषभ दयाल उर्फ राहुल के रूप में हुई है, जो दिल्ली के मयूर विहार फेस-3 का रहने वाला है। आरोपी को रामलीला ग्राउंड, सी-ब्लॉक, सेक्टर-62 नोएडा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के कब्जे और निशानदेही से स्नैचिंग की घटनाओं में इस्तेमाल दो बाइक (एक स्प्लेंडर प्लस और एक एफजेड बाइक), स्नैच किए गए 11 मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर राह चलते लोगों को निशाना बनाता था और मौका पाकर उनके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो जाता था।



## साइबर अपराध के खिलाफ मजबूत तंत्र की जरूरत, सभी एजेंसियां मिलकर कर रहीं काम : शाह



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'साइबर-आधारित धोखाधड़ी से निपटना और इसके तंत्र को समाप्त करना' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आई4सी, राज्य पुलिस, सीबीआई, एनआईए, ईडी, दूरसंचार विभाग, बैंकिंग प्रणाली, आईटी मंत्रालय, आरबीआई और न्यायपालिका जैसे संस्थान सभी साइबर अपराध को रोकने और कम करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि जनवरी 2020 से 2025 तक आई4सी के रिपोर्टिंग पोर्टल का व्यापक उपयोग हुआ है। 30 नवंबर 2025 तक इसे 23 करोड़ से अधिक बार इस्तेमाल किया गया, जो इसकी बढ़ती अहमियत को दशार्ता है। इसी अवधि में 82 लाख साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से लगभग 1 लाख 84 हजार एफआईआर में परिवर्तित की गईं और अनेक मामलों का निराकरण भी हुआ।

उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय ने साइबर अपराध के खिलाफ काफी पहले ही एक व्यापक रणनीति अपनाई है, जिसमें रियल-टाइम रिपोर्टिंग, फॉरेंसिक लैब का नेटवर्क, क्षमता निर्माण, अनुसंधान एवं विकास, साइबर जागरूकता को समाज तक पहुंचाना और साइबर स्पेस में साइबर हाइजीन सुनिश्चित करना शामिल है। इन सभी प्रयासों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर हमें एक मजबूत और सुरक्षित तंत्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

गृह मंत्री ने कहा कि जनवरी 2019 में गृह मंत्रालय ने आई4सी की स्थापना की। आई4सी एक अद्भुत इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने में सफल रहा है। विभिन्न एजेंसियों के बीच इसने बेहतर समन्वय स्थापित किया, आवश्यक साइबर इंफ्रास्ट्रक्चर कई स्थानों पर खड़ा किया और साइबर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने सीबीआई और आई4सी को बधाई देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहल है.

## संक्षिप्त
## ताजा खबरें

### मुख्यमंत्री ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर चिंता जताई, राज्य के लिए नुकसानदायक बताया

**जम्मू, यूटर्न/ 10 फरवरी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को भारत-अमेरिका के बीच हुए हालिया अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने इसे जम्मू-कश्मीर, खासकर राज्य की बागवानी और कृषि अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक करार दिया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस समझौते से ड्राई फ्रूट्स, ताजे फल, केसर और डेयरी उत्पादों पर ड्यूटी-फ्री आयात की वजह से स्थानीय उत्पादकों को भारी नुकसान होगा।

### कर्नाटक में लीडरशिप की खींचतान जारी, सिद्धारमैया बोले- 'हाईकमान का फैसला आखिरी होगा'

**बेंगलुरु, यूटर्न/ 10 फरवरी।** कर्नाटक में सत्ताधारी कांग्रेस में नेतृत्व को लेकर चल रही खींचतान के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि पार्टी हाईकमान जो भी फैसला करेगा, वही अंतिम होगा। यह बयान उन्होंने डिप्टी सीएम और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के हालिया बयान के जवाब में दिया, जिसमें शिवकुमार ने कहा था कि दोनों नेता पार्टी नेतृत्व की मौजूदगी में हुई बातचीत को लेकर स्पष्ट थे। सिद्धारमैया ने कहा, 'मैं शिवकुमार के बयानों पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। हाईकमान जो भी निर्णय करेगा, वही अंतिम होगा। सवाल अपनी मर्जी से मत पूछिए। अगर उन्होंने कोई बयान दिया है, तो उसके लिए उनसे पूछना चाहिए। मुझे नहीं पता। हाईकमान जो भी कहेगा, मैं उसके लिए तैयार हूं।' जब उनसे पूछा गया कि क्या वह दिल्ली जाने की योजना बना रहे हैं, तो मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं बिना बुलाए दिल्ली क्यों जाऊं? मुझे यहां बजट बनाने से जुड़ा काम है। अगर मुझे बुलाया गया, तो मैं जाऊंगा।' बजट की तैयारी के लिए हुई मीटिंग में शिवकुमार के न आने के सवाल पर सिद्धारमैया ने बताया कि डिप्टी सीएम ने इजाजत मांगी थी और उन्हें एक पत्र के जरिए बताया था कि वह असम विधानसभा चुनाव से जुड़ी दिल्ली में एक बैठक में शामिल होने वाले हैं।

# रेखा गुप्ता की मौजूदगी में 100 आईसीटी लैब्स व डीआईईटी का उद्घाटन

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आज सर्वोदय विद्यालय, मानसरोवर गार्डन के नव-निर्मित भवन, 100 आधुनिक आईसीटी लैब्स और डीआईईटी (मंडलीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान), दिलशाद गार्डन का उदघाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री सूद ने कहा कि राजनीति में 'बदलाव' शब्द का अक्सर प्रयोग किया जाता है, लेकिन असली बदलाव अखबारों के फुल-पेज विज्ञापनों में नहीं, बल्कि क्लासरूम की छत और बच्चों की लैब में दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की स्पष्ट सोच और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण आज सरकारी धन विज्ञापन पर नहीं, बल्कि सीमेंट, स्कूल भवन, स्मार्ट क्लासरूम और आईसीटी लैब्स पर खर्च हो रहा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री जी, शिक्षा निदेशालय की पूरी टीम, लाडली फाउंडेशन और एआईएफ का आभार व्यक्त किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज के समय में नीट, सीयूईटी, सीएलएटी जैसे हर बड़े एग्जाम के लिए कंप्यूटर लिटरेसी अनिवार्य है, लेकिन वास्तविकता यह है कि कई बच्चों के घरों में कंप्यूटर उपलब्ध नहीं है। मुख्यमंत्री जी के हालिया दौरे का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि जब बच्चों से पूछा गया कि कितनों के घर में कंप्यूटर है, तो केवल 7झ8 बच्चों ने हाथ उठाया, और उनमें से भी कुछ बच्चों ने कार्यालय में उपयोग होने वाले लैपटॉप को ही घर का कंप्यूटर मान लिया।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब नई शिक्षा नीति 1984 में 'ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड' के तहत हर कक्षा में ब्लैकबोर्ड पहुंचाना लक्ष्य था। आज, माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में, दिल्ली सरकार दिल्ली के प्रत्येक स्कूल की हर क्लासरूम में स्मार्ट बोर्ड पहुँचाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि दिल्ली में 7,000 से अधिक नए कंप्यूटर एक वर्ष से भी कम समय में दिल्ली के सरकारी स्कूलों को दिए जा चुके हैं। 7,000 स्मार्ट ब्लैक बोड्र्स का टेंडर हो चुका है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 21,000 क्लासरूम्स में अगले 4 वर्षों में स्मार्ट बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनकी 5 वर्षों की मेंटेनेंस गारंटी होगी। मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में 175 आईसीटी लैब्स में 7,000 कंप्यूटरों का टेंडर किया जा चुका है, जो 31 मार्च से पहले आ जाएंगे। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके समय में पहले सरकारी स्कूलों में आईसीटी लैब्स में 10 मॉनिटर पर एक सीपीयू लगाकर आईसीटी लैब होने का दावा किया जाता था, और उन्हीं पर फुल-पेज विज्ञापन दिए जाते थे।

## अब माओवाद नहीं, विकास और आत्मविश्वास की पहचान है बस्तरः पीएम मोदी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र की पहचान अब धीरे-धीरे एक नए रूप में उभर रही है। जिस बस्तर को लंबे समय तक माओवाद, हिंसा और पिछड़ेपन से जोड़कर देखा जाता था, वही बस्तर अब अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और आत्मविश्वास के लिए देशभर में चर्चा का विषय बन रहा है। इसी बदलाव की एक बड़ी मिसाल है 'बस्तर पंडुम', जिसका आयोजन 7 से 9 फरवरी के बीच बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आयोजन को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, '7 से 9 फरवरी के बीच छत्तीसगढ़ में 'बस्तर पंडुम' का विशेष आयोजन किया गया। इस उत्सव के दौरान बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और जनजातीय विरासत का भव्य रूप दिखा। इस प्रयास से जुड़े अपने सभी परिवारजनों को मेरी हार्दिक बधाई। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'पहले जब बस्तर का नाम लिया जाता था तो माओवाद, हिंसा और विकास में पिछड़ेपन की छवि उभरती थी। लेकिन अब हालात बिल्कुल बदल चुके हैं।

ट्रेंडिंग न्यूज

## डिजिटल फ्रॉड को लेकर आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग एक एसओपी तैयार करे


**नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल फ्रॉड के माध्यम से 54 हजार करोड़ रुपये के गबन को गंभीर अपराध मानकर 'डकैती-लूट' बताया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह राशि कई छोटे राज्यों के वार्षिक बजट से भी अधिक है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से निर्देश दिए कि वह आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग (डाट) जैसे संबंधित पक्षों से परामर्श करके इसतरह के मामलों से निपटने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करे। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के अपराध या बैंक अधिकारियों की मिलीभगत के कारण हो सकते हैं या उनकी लापरवाही से उत्पन्न होते हैं। इसलिए अदालत ने आरबीआई और बैंकों से समय पर कार्रवाई करने पर जोर दिया।



## कयामत के दिन तक बाबरी ढांचे का पुनर्निर्माण नहीं होगा : सीएम योगी

**बाराबंकी, यूटर्न/ 10 फरवरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कयामत के दिन तक बाबरी मस्जिद के ढांचे का पुनर्निर्माण नहीं होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की यह डबल इंजन की सरकार जो बोलती है, वो करती है, और डबल इंजन की सरकार जितना करती है, उतना ही बोलती है। हम लोगों ने कहा था कि रामलला हम आएंगे और मंदिर वहीं बनाएंगे। मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है। इसलिए हम कह रहे हैं कि कयामत के दिन तक भी बाबरी ढांचे का पुनर्निर्माण नहीं हो पाएगा। जो कयामत के दिन आने का सपना देख रहे हैं, ऐसे ही सड़ गल जाएंगे क्योंकि वो दिन कभी आने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 500 सालों के बाद यह गौरवशाली क्षण हमारे सामने आया। इन 500 सालों में अनेक राजा-महाराजा आए, और अनेकों सरकारें आईं।

## लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।** संसद के बजट सत्र में आए दिन हंगामा देखने को मिल रहा है। इसी बीच, अब मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विपक्ष ने स्पीकर पर सदन के कामकाज में पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया है। विपक्ष के सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लोकसभा महासचिव को रूल 94(सी) के तहत अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपा है। इस नोटिस पर विपक्ष के 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। यह प्रस्ताव लोकसभा में कांग्रेस के डिप्टी लीडर गौरव गोगोई ने पेश किया है, जिसमें संविधान के आर्टिकल 94(सी) का इस्तेमाल करते हुए स्पीकर को हटाने का प्रावधान है। नोटिस में विपक्ष ने स्पीकर पर सदन की कार्यवाही खुलेआम पक्षपातपूर्ण तरीके से चलाने और विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं को बार-बार बोलने का मौका न देने का आरोप लगाया। अपने आरोप को साबित करने के लिए प्रस्ताव में कई उदाहरणों का हवाला दिया गया। इसमें कहा गया कि 2 फरवरी को राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपना संबोधन पूरा नहीं करने दिया गया। 3 फरवरी को आठ विपक्षी सांसदों को बजट सेशन के बाकी समय के लिए मनमाने ढंग से सस्पेंड कर दिया गया, जिसके बारे में नोटिस में दावा किया गया कि यह सदस्यों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करने के लिए सजा देने जैसा है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### अपनी फर्म से व्यापार दिखाकर 14 करोड़ की आईटीसी का लिया अवैध लाभ

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।** राज्यकर विभाग की टीम ने ऑयल कंपनियों के लिए साइन बोर्ड बनाने वाली फर्म पर छापा मारकर कुल 14 करोड़ रुपये की अवैध रूप से आईटीसी का लाभ लेने का मामला उजागर किया है। टीम ने यह भी पाया कि फर्म की ओर से अपनी ही सिस्टर कंसर्न फर्म नव्या इंटरप्राइजेज से सर्कुलर ट्रेडिंग कर यह लाभ लिया गया है। फर्म संचालक ने शुरूआती तौर पर एक करोड़ रुपये मौके पर जमा कराए हैं। गत शनिवार को अपर आयुक्त ग्रेड द्वितीय जोन प्रथम रामकेश्वर के निर्देश पर लालकुआं स्थित फर्म विजन मार्केटिंग सर्विसेज पर राज्यकर विभाग की टीम सुबह 11 बजे जांच के लिए पहुंची। टीम के साथ भारी मात्रा में पुलिस बल भी पहुंचा। अपर आयुक्त ग्रेड द्वितीय रामकेश्वर ने बताया कि फर्म ऑयल कंपनियों से टेंडर प्राप्त कर उनके लिए साइन बोर्ड का निर्माण कर उसका इंस्टॉलेशन करती है। पोर्टल पर प्राप्त तथ्यों से स्पष्ट हुआ कि फर्म की ओर से नियमों के विपरीत एल्युमीनियम शीट व एमएस पाइप की अधिक खरीद दिखाई जा रही है। इस वजह से नियमों के सापेक्ष संविदा में अंतरण नहीं हो पा रहा है। यानी खरीद तो हुई, लेकिन उसका प्रयोग नहीं किया गया। टीम ने और गहनता से मौके पर जांच की तो पाया कि अपनी सिस्टर कंसर्न फर्म नव्या इंटरपाइजेज से सर्कुलर ट्रेडिंग की जा रही है। यानी खुद की ही फर्म से खरीदा जा रहा है। दूसरी ओर खुद की ही फर्म को बेच दिया जा रहा है। इस तरह से व्यापार कर दोनों फर्मों ने कुल 14 करोड़ रुपये की ही आईटीसी का अवैध रूप से लाभ ले लिया है। 12 घंटे चली जांच के बाद टीम ने मौके पर फर्म के सभी दस्तावेजों, लैपटॉप आदि को जब्त कर लिया।

### शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर ठगे 45 हजार

**मुरादनगर, यूटर्न/ 10 फरवरी।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर युवक से 45 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस से पीड़ित ने गुहार लगाई है। बृजबिहार कॉलोनी निवासी सुशील कुमार ने बताया कि पांच महीने पहले उनकी मुलाकात दिल्ली लक्ष्मी नगर निवासी एक व्यक्ति से हुई थी। व्यक्ति ने बताया है कि वह शेयर मार्केट में निवेश कर अच्छा पैसा कमा सकता है। सुशील ने अपना एकाउंट न खुलवाकर व्यक्ति को पैसा लगाने के लिए दे दिया। अब तक वह व्यक्ति को 45 हजार रुपये दे चुके हैं।

# रिजिजू का वीडियो वार: कांग्रेस महिला सांसदों पर पीएम को घेरने का आरोप

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को लोकसभा की 4 फरवरी की कार्यवाही का एक वीडियो साझा किया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण का जवाब देना था, हालांकि, कांग्रेस पार्टी की महिला सांसदों ने सदन के वेल में हंगामा किया। यह घटना कांग्रेस पार्टी की महिला सांसदों द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर उन आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताने के एक दिन बाद सामने आई है, जिनमें कहा गया है कि उन्होंने 4 फरवरी को सदन के अंदर प्रधानमंत्री मोदी को 'धमकाया या उनके बोलने में बाधा डालने का प्रयास किया'। कांग्रेस ने इन खबरों को खारिज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सदन में बोलने से बहुत डरे हुए थे। वीडियो में कांग्रेस की महिला सांसदों को बैनर और तख्तियां लिए प्रधानमंत्री की सीट के चारों ओर घेरा बनाते हुए दिखाया गया। इसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्धारित भाषण रद्द कर दिया गया। रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 4 फरवरी का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, 'कांग्रेस पार्टी अपने सांसदों के इस सबसे अपमानजनक व्यवहार पर गर्व करती है। यह स्थिति बहुत ही भयावह हो सकती थी।'

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किया गया एक एआई जनरेटेड वीडियो भी दोबारा पोस्ट किया, जिसमें पीएम मोदी लोकसभा अध्यक्ष को निर्देश देते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह विवाद तब शुरू हुआ जब स्पीकर बिरला ने कहा कि उन्हें ऐसी जानकारी मिली है जिससे पता चलता है कि विपक्षी सांसद 'कुछ अप्रत्याशित' कर सकते हैं, और उन्होंने कहा कि उन्होंने सदन को स्थगित करने का फैसला किया ताकि लोकतंत्र के मंदिर कहे जाने वाले सदन में अप्रिय दृश्यों को रोका जा सके। घटनाक्रम के अनुसार, 4 फरवरी को शाम 5 बजे के करीब, सदस्य प्रधानमंत्री के लोकसभा में प्रवेश करने और अपना संबोधन शुरू करने की प्रतीक्षा कर रहे थे। सदन के अंदर विरोध प्रदर्शन जारी रहा, जिसके दौरान विपक्ष की ओर से लगभग आठ से नौ महिला सांसद प्रधानमंत्री की निर्धारित सीट के आसपास एकजुट हो गईं। नामी सांसदों में जेनीबेन ठाकोर, वर्षा गायकवाड़, ज्योतिमती, आर. सुधा, के. काव्या और शोभा बच्छाव शामिल थीं। यह सब रिजिजू द्वारा साझा किए गए वीडियो में देखा जा सकता है।

## सीएम रेखा बोलीं- सरकार का संकल्प, प्रदूषण के खिलाफ 365 दिन चलेगा अभियान, 100 'वायु रक्षक' पहल का शुभारंभ

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सोमवार को 6 नए वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन और 100 'वायु रक्षक' पहल का शुभारंभ किया। सीएम कहा कि प्रदूषण के खिलाफ पूरे साल अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निगरानी स्टेशनों का ऑनलाइन उद्घाटन किया और 'वायु रक्षक' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण पर काम करना सिर्फ तीन-चार महीनों की जिम्मेदारी नहीं है। यह 365 दिन का विषय है। उन्होंने कहा कि पीएम 10 और पीएम 2.5 का डेटा हर घंटे और अन्य पैरामीटर्स का डाटा हर 5 मिनट में ऑनलाइन अपडेट होता है। यह डाटा सार्वजनिक है, छुपाया नहीं जा सकता।

#### 2028 तक 14 हजार क्लीन फ्यूल बसों को लाने का लक्ष्य

सीएम ने बताया कि 2028 तक 14,000 क्लीन फ्यूल बसों को दिल्ली में लाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही कूड़े के पहाड़ को खत्म करने, वेस्ट टू एनर्जी, मिस्ट स्प्रे, लिटर पिकर, मैकेनिकल रोड स्वीपर, एंटी स्मोग और ग्रीन कवर का विस्तार को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 2024 में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) में 233 पद रिक्त थे, जिनमें से 157 पद केवल 11 महीनों में भर दिए गए। जो पिछली 10 वर्षों की तुलना में लगभग दोगुना है।

#### एयर मॉनिटरिंग नेटवर्क का प्रभावी विस्तार

राजधानी में 6 नए सीएएक्यूएमएस जेएनयू, इग्नू, एसपीएमएसपीसी तालकटोरा गार्डन, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, दिल्ली कैंटोनमेंट और एनएसयूटी (वेस्ट कैंपस) में स्थापित किए गए हैं। इनके जुड़ने से दिल्ली में अब कुल 46 सीएएक्यूएमएस स्थापित हो चुके हैं। इन 46 स्टेशनों में से 30 दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), 10 भारत मौसम विज्ञान विभाग/आईआईटीएम, और 6 केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। आने वाले समय में 14 और स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

## ई-रिक्शा के लिए नई पॉलिसी की तैयारी में दिल्ली सरकार, पंजीकरण से लेकर तय होंगे रूट

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**



राजधानी में सड़कों पर तेजी से बढ़ते ई-रिक्शा को अब सरकार की नीति के दायरे में लाने की तैयारी है। दिल्ली सरकार ई-रिक्शा संचालन को लेकर एक समग्र पॉलिसी बनाने पर विचार कर रही है, ताकि यातायात व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और रोजगार तीनों के बीच संतुलन बनाया जा सके। सरकार का मानना है कि बिना स्पष्ट नीति के ई-रिक्शा की संख्या और संचालन भविष्य में ट्रैफिक और सुरक्षा से जुड़ी बड़ी चुनौती बन सकती है।

प्रस्तावित नीति का मकसद ई-रिक्शा पर रोक लगाना नहीं, बल्कि उन्हें व्यवस्थित करना है। फिलहाल दिल्ली के कई इलाकों में ई-रिक्शा बिना तय रूट, तय स्टैंड और स्पष्ट नियमों के चलते यातायात में बाधा बनते जा रहे हैं। खासकर मेट्रो स्टेशनों, बाजारों और रिहायशी कॉलोनियों के बाहर अनियंत्रित पार्किंग से जाम की स्थिति बनती है। इसी को देखते हुए दिल्ली सरकार ई-रिक्शा के लिए अलग से संचालन ढांचा तैयार करने पर विचार कर रही है, जिसमें रजिस्ट्रेशन, रूट निर्धारण और संचालन समय जैसे बिंदु शामिल हो सकते हैं।

#### रजिस्ट्रेशन और पहचान प्रणाली पर फोकस

नीति के मसौदे में ई-रिक्शा और उनके चालकों की पहचान को अहम हिस्सा बनाया जा सकता है। प्रस्ताव है कि सभी ई-रिक्शा का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन हो, जिससे यह पता चल सके कि किस इलाके में कितने ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। साथ ही चालकों का सत्यापन, यूनिक आईडी या क्यूआर कोड जैसी व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर पहचान और निगरानी आसान हो सके। नीति में सुरक्षा से जुड़े पहलुओं को भी शामिल किया जा सकता है। इसमें ई-रिक्शा की तकनीकी फिटनेस, बैटरी की गुणवत्ता, नियमित जांच और यात्री क्षमता तय करने जैसे बिंदु शामिल हो सकते हैं।

#### रूट और स्टैंड तय करने की योजना

दिल्ली में ई-रिक्शा के संचालन में सबसे बड़ी समस्या रूट को लेकर है। कई इलाकों में ई-रिक्शा मुख्य सड़कों पर चलकर बसों और अन्य वाहनों की गति प्रभावित करते हैं। प्रस्तावित नीति में यह तय किया जा सकता है कि ई-रिक्शा किन सड़कों और किन इलाकों तक सीमित रहेंगे। इसके अलावा, मेट्रो स्टेशन, बस टर्मिनल और प्रमुख बाजारों के पास तय ई-रिक्शा स्टैंड बनाने का भी सुझाव है, जिससे सड़कों पर अव्यवस्थित खड़े ई-रिक्शा की समस्या कम हो सके। मौजूदा राजधानी की कई प्रतिबंधित सड़कों पर भी ई-रिक्शा बिना रोक टोक के चलते दिख रहे है।

दिल्ली में 2 लाख से ज्यादा पंजीकृत ई-रिक्शा हैं, जिसमें से कुछ बिना पंजीकरण के भी चल रहे हैं। रोहिणी में सबसे ज्यादा 46,150 ई-रिक्शा हैं, इसके बाद वजीरपुर 30,252 और लोनी रोड 28,858 ई-रिक्शा हैं।

# 24 घंटे में 4 हत्याएं, दिल्ली दहली: आरोपी फरार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

राजधानी दिल्ली पिछले 24 घंटे (रविवार-सोमवार) में हत्या की चार वारदातों से दहल उठी। अलग-अलग इलाकों में हुई इन घटनाओं ने एक बार फिर राजधानी की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कल्याणपुरी में मोबाइल चार्ज न करने पर कारोबारी की चाकू से वारकर हत्या कर दी गई। दूसरे मामले में गोकुलपुरी में पत्नी के चरित्र पर शक करते हुए एक शख्स ने पत्नी के दोस्त को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। तीसरे में बवाना में लूटपाट के दौरान कारोबारी को गोली मार दी गई। चौथे मामले में मोतीनगर में कॉल करने के लिए मोबाइल न देने पर नाबालिग की हत्या कर दी गई। उसी जगह कुछ ही देर बाद ही उसी स्थान पर बदमाशों ने महज कंधा टकराने पर एक अन्य युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। वहीं कल्याणपुरी में दुकानदार के बचाव में आने भी एक युवक को चाकू मार दिया गया। गोकुलपुरी में एक शख्स ने अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करते हुए उसके दोस्त रवि शर्मा (28) के सिर पर डंडे से वारकर उसकी जान ले ली। हत्या के बाद आरोपी गौरी शंकर यादव मौके से भाग गया।




**मोबाइल चार्जिंग पर नहीं लगाया तो कारोबारी को मार डाला**

कल्याणपुरी थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुरी 13 ब्लॉक में सोमवार सुबह ऑटो स्पेयर पार्ट्स कारोबारी वीर सिंह (35) की चाकू से वारकर हत्या कर दी गई। तीन युवक उसकी दुकान पर अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाने आए थे। मना करने पर आरोपियों ने वीर सिंह के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। उनके बचाने आए सहयोगी राम किशन को भी आरोपियों ने चाकू मार दिया। घटना के बाद वीर सिंह व राम किशन को एलबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां से वीर सिंह को एक निजी अस्पताल ले जाया, जहां उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या के मामले यामीन (31) यासीन (28) को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी की तलाश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि वीर सिंह पत्नी, चार बच्चों, माता-पिता, भाई-बहनों के साथ आठ ब्लॉक त्रिलोकपुरी में रहते थे। इनकी 13 ब्लॉक में ऑटो स्पेयर पार्ट की दुकान है। सोमवार सुबह 10 बजे यह दुकान पर पहुंचे तो तीन युवक मोबाइल फोन चार्जिंग में लगाने की बात करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया।

पुलिस ने आरोपी की पत्नी रीता की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि रीता परिवार के साथ डी-ब्लॉक, गोकुलपुरी में रहती हैं। उसके दो बच्चे हैं। रीता ने बताया कि उसका पति पिछले काफी समय से बेरोजगार है। वह काम की तलाश में गुजरात गया था। 6 फरवरी गौरी दिल्ली घर पहुंचा। घर पहुंचने पर उसे पता चला कि रवि शर्मा नामक युवक उसके घर पर है।

पत्नी से पूछताछ करने पर रीता ने उसे अपना दोस्त बताया। शनिवार को इसी बात पर गौरी शंकर का रीता से विवाद हुआ। रीता ने रात को पति व दोस्त रवि को खाना दिया, लेकिन पति ने खाना खाने से इंकार कर दिया।

रात को पति और रवि छत पर सोने चले गए। रविवार सुबह रीता छत पर पहुंची तो उसने रवि को खून से लथपथ देखा। उसके सिर पर डंडे से हमला किया गया था। डंडा भी शव के पास पड़ा था।

## एनसीआर में मौसम-प्रदूषण की दोहरी मार, अस्पतालों में मरीज बढ़े

**» नोएडा, यूटर्न/ 10 फरवरी।**



एनसीआर (दिल्ली-नोएडा-गाजियाबाद) में मौसम के लगातार बदलते मिजाज और वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर ने लोगों की सेहत पर गंभीर असर डालना शुरू कर दिया है। जिला अस्पतालों की ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों में करीब 50 प्रतिशत मरीज मौसमी बीमारियों से पीड़ित पाए जा रहे हैं। खासतौर पर उल्टी, दस्त, बुखार, गले में खराश, सांस लेने में दिक्कत और एलर्जी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार 10 से 12 फरवरी तक एनसीआर में मौसम में हल्की धुंध बनी रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 23 से 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। सुबह और शाम हल्की ठंड जबकि दिन में तेज धूप का असर लोगों को बीमार कर रहा है।

वहीं, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की स्थिति लगातार चिंताजनक बनी हुई है। दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई लाल श्रेणी में दर्ज किया गया। आनंद विहार झ 317, अशोक विहार झ 328, बवाना झ 333, नरेला 344, नेहरू नगर 316, मंडका 357 जैसे इलाकों में प्रदूषण बेहद गंभीर स्तर पर पहुंच चुका है। दिल्ली के चांदनी चौक 291, डीटीयू 283, पंजाबी बाग 275, ओखला फेज-2 283 और पतपड़गंज झ 269 में भी हवा की गुणवत्ता खराब बनी हुई है। नोएडा में भी स्थिति कुछ बेहतर नहीं है। सेक्टर-125 307, सेक्टर-116 263, सेक्टर-1 236, जबकि सेक्टर-62- 224 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## मम लैप केमलोट प्री स्कूल का वार्षिक कार्निवल रहा भव्य और यादगार




» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 10 फरवरी। मम लैप केमलोट प्री स्कूल में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम कार्निवल 2025 'इनोवेटिंग दा ड्रीम्स' ने अभिभावकों और अतिथियों को भाव-विभोर कर दिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार देर तक तालियों की गूंज से भरता रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य नीरू धवन, उप प्राचार्य नैंसी शर्मा और डायरेक्टर दीपक धवन मौजूद रहे। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके आत्मविश्वास की सराहना की।

विशेष अतिथि के रूप में अनीत गोयल,अनीस स्कूल उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक व सांस्कृतिक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्कूल परिवार को भविष्य में नई ऊंचाइयों को छूने की शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर पंज युवा स्पोर्ट्स संगठन के सदस्यों की भी विशेष उपस्थिति रही। मंच पर युवा कलाकारों और खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। डायरेक्टर दीपक धवन ने पंज युवा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सदस्यों और युवा अचीवर्स को सम्मान देकर युवाओं को कला, खेल और समाजसेवा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उप प्राचार्य नैंसी शर्मा ने विद्यालय की निरंतर प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्कूल विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है और जल्द ही नए भवन के साथ विस्तार की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्निवल की थीम 'इनोवेटिंग दा ड्रीम्स' पर आधारित प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। बच्चों ने कठपुतली नृत्य, भांगड़ा, राजस्थानी घूमर सहित कई मनमोहक कार्यक्रम पेश किए।

# जनवरी में 800 से अधिक कथित लापता मामले, दिल्ली हाई कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया इनकार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**




दिल्ली में जनवरी महीने के दौरान करीब 800 लोगों के कथित तौर पर लापता होने को लेकर दायर याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने फिलहाल जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया है। मंगलवार को कोर्ट ने कहा कि यह याचिका अपने आप तय प्रक्रिया के तहत सूचीबद्ध हो जाएगी और इसके लिए अलग से तत्काल सुनवाई की जरूरत नहीं है। इस मामले को लेकर याचिकाकर्ता ने दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के सामने मेंशनिंग की थी और तुरंत सुनवाई की मांग की थी, लेकिन अदालत ने इस मांग को स्वीकार नहीं किया।

दिल्ली हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि दिल्ली पुलिस को कानून के तहत हर संभव कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है और वह अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। अदालत का मानना है कि मामला अपने समय पर सुना जाएगा और फिलहाल इसमें किसी आपात हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। इस बीच, 9 फरवरी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया था। एनएचआरसी ने एक मीडिया रिपोर्ट के आधार पर यह कदम उठाया, जिसमें दावा किया गया था कि जनवरी के पहले दो हफ्तों में दिल्ली में 807 लोग लापता हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इनमें 191 नाबालिग और 616 वयस्क शामिल थे। आंकड़ों के अनुसार अब तक 235 लोगों का पता लगाया जा चुका है, जबकि 572 लोग अभी भी लापता बताए गए हैं। एनएचआरसी ने कहा कि अगर यह रिपोर्ट सही है, तो यह गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का मामला बनता है। इसी को ध्यान में रखते हुए आयोग ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव और दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर दो हफ्तों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। हालांकि, इस पूरे मामले पर दिल्ली पुलिस पहले ही अपनी स्थिति साफ कर चुकी है। 6 फरवरी को दिल्ली पुलिस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट जारी कर कहा था कि आंकड़ों को गलत तरीके से पेश कर लोगों में डर फैलाया जा रहा है।

पुलिस ने चेतावनी दी थी कि जो लोग जानबूझकर भ्रामक जानकारी फैलाकर दहशत का माहौल बना रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली पुलिस का कहना है कि कुछ रिपोर्ट्स में बच्चों, खासकर लड़कियों के अचानक गायब होने के मामलों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है.




# राहुल गांधी का रवैया गांव के किसी जमींदार की तरह : गिरिराज सिंह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को एक पोस्टर को लेकर पंडित जवाहर लाल नेहरू और लेडी माउंटबेटन के रिश्तों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह पोस्टर खुद बहुत कुछ बोल रहा है और देश के पहले प्रधानमंत्री के आचरण और फैसलों पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

गिरिराज सिंह का कहना है कि नेहरू ने अपनी निजी आकांक्षाओं और इच्छाओं के चलते देश के सम्मान के साथ समझौता किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाकर देश के हितों को नुकसान पहुंचाया गया और पीओके जैसे मामलों को छेड़कर देश को कमजोर स्थिति में खड़ा किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ में कश्मीर का मुद्दा ले जाना एक बड़ी भूल थी, जिससे आज तक देश को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

गिरिराज सिंह ने यह भी दावा किया कि जब बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर चुनाव हार गए थे, उस समय नेहरू, लेडी माउंटबेटन के साथ खुशियां मना रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सब बातें पोस्टर के जरिए सामने आ रही हैं और यह पोस्टर देशवासियों को सोचने पर मजबूर करता है कि किस तरह उस दौर में सत्ता में बैठे लोगों ने देश की गरिमा के साथ खिलवाड़ किया। उन्होंने इसकी तुलना वर्तमान प्रधानमंत्री से करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है और देश को एक नई पहचान दिलाई है।

इसके साथ ही गिरिराज सिंह ने संसद में हुए हंगामे पर भी खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से विपक्ष की महिला सांसदों ने सदन में व्यवहार किया, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। उनका कहना है कि उस दिन महिला सांसद बैनर लेकर प्रधानमंत्री की मेज तक पहुंच गई थीं, जो संसदीय परंपराओं के खिलाफ है।

गिरिराज सिंह ने बताया कि वह खुद उस समय सदन में मौजूद थे और उन्होंने हाथ जोड़कर महिला सांसदों को समझाने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि किरेन रिजिजू के वीडियो में भी साफ देखा जा सकता है कि वह हाथ जोड़कर महिला सांसदों से शांत रहने की अपील कर रहे थे, लेकिन उनके तेवर काफी आक्रामक थे।

उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा स्पीकर ने भी इस घटना पर जो टिप्पणी की है, वह बिल्कुल सही है। स्पीकर को जो आशंका थी, वही उस समय के माहौल से झलक रही थी। गिरिराज सिंह का कहना है कि अगर उस वक्त प्रधानमंत्री सदन में मौजूद होते तो कोई अनहोनी भी हो सकती थी।



## कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा नगर निगम के अधिकारियों की ली बैठक

» **हरियाणा, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

हरियाणा सरकार में लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने स्थानीय मिल गेट के समीप रामनगर क्षेत्र के पुराने रास्ते को लेकर चल रहे मामले पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित को ध्यान में रखते हुए रास्ते की समस्या का शीघ्र और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। कैबिनेट मंत्री ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कानूनी एवं तकनीकी पहलुओं की गहन समीक्षा करने तथा मौके पर निरीक्षण कर स्थिति के अनुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### दबंगों ने किशोर के साथ मारपीट की, अस्पताल में भर्ती

**लोनी, यूटर्न/ 10 फरवरी।** तीन दबंगों ने विवाद के बाद बलराम नगर कॉलोनी में किशोर के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किशोर पास की दुकान पर सामान लेने गया था। किशोर को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई। बलराम नगर विस्तार में रहने वाले मुश्ताक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा समीर (17) घर से कुछ दूर स्थित किराना की दुकान पर सामान लेने गया था। वहां खड़े साहिल, शाहिब उर्फ साहिल व इरशाद ने कहासुनी के बाद उनके बेटे के साथ मारपीट की। मारपीट में समीर को काफी चोट आई। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना परिजनों को दी। परिजन घायल पुत्र को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित के पिता की शिकायत पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### यूपी ग्रामीण बैंक घूसकांड में दो आरोपियों पर चलेगा मुकदमा

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।** चंदौसी स्थित यूपी ग्रामीण बैंक से जुड़े बहुचर्चित घूसकांड में अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के आदेश दिए हैं। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण सीबीआई कोर्ट संख्या एक ने सीबीआई द्वारा दाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए आरोपी पिंकेश कुमार और शैलेंद्र सिंह को तलब किया है। अदालत ने दोनों आरोपियों को 21 फरवरी 2026 को पेश होने के निर्देश दिए हैं। सीबीआई के अनुसार यह मामला शिवम भारती की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के तहत स्वीकृत तीन लाख रुपये की सीसी लिमिट की बकाया राशि जारी करने के एवज में बैंक कर्मियों की ओर से 30 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत की जांच के बाद सीबीआई ने मामला दर्ज कर जाल बिछाया। जांच एजेंसी ने दो सितंबर 2025 को बैंक परिसर में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक कार्रवाई के दौरान आरोपी पिंकेश कुमार ने रिश्वत की रकम में से 20 हजार रुपये अपनी टेबल से उठाकर पानी की बाल्टी में फेंक दिए थे। बाद में सीबीआई ने उस रकम को बरामद कर लिया। दूसरे आरोपी शैलेंद्र सिंह के पास से 10 हजार रुपये नकद बरामद किए गए।

# एनसीसी में डॉ. सुरेश कुमार मेजर पद पर पदोन्नत

» **हरियाणा, यूटर्न/ 10 फरवरी।**



सीआरएम जाट कॉलेज, हिसार के प्राणी विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में कैप्टन से मेजर के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह पदोन्नति एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील कटारिया द्वारा प्रदान की गई। यह सम्मान डॉ. सुरेश कुमार द्वारा एनसीसी में दी गई उत्कृष्ट सेवाओं, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा कैडेट्स के प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। डॉ. सुरेश कुमार लंबे समय से एनसीसी से जुड़े हुए हैं और उनके कुशल मार्गदर्शन में अनेक कैडेट्स ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय एनसीसी शिविरों, परेड एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है।

उन्होंने कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर कर्नल सुनील कटारिया ने डॉ. सुरेश कुमार को मेजर रैंक के बैजदान कर उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि डॉ. सुरेश कुमार की सेवाएं एनसीसी के लिए अत्यंत सराहनीय रही हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नोएडा में कानून-व्यवस्था पर पुलिस सख्त, अभियान तेज

» **नोएडा, यूटर्न/ 10 फरवरी।**




कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के तहत बीती देर रात कुल 383 व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निदेर्शानुसार यह विशेष अभियान ग्रेटर नोएडा जोन में संचालित किया गया। अभियान का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा साद मियां खान के निर्देशन में तथा अपर पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार के पर्यवेक्षण में किया गया। इसके साथ ही जोन के सभी सहायक पुलिस आयुक्तों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में निकट निगरानी रखते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से अंजाम दिया गया।

9 फरवरी को चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई करना था। पुलिस द्वारा ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ धारा 292 बीएनएस के अंतर्गत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। पुलिस का मानना है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने से न केवल कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि आम नागरिकों, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई।

थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र से 42, थाना बीटा-2 से 28, थाना दादरी से 52, थाना जारचा से 32, थाना कासना से सर्वाधिक 75, थाना ईकोटेक-प्रथम से 14, थाना दनकौर से 62, थाना जेवर से 62 तथा थाना रबूपुरा क्षेत्र से 16 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# अवैध निर्माण पर आप का हमला
## आईएएस अफसरों पर गंभीर आरोप




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में अवैध निर्माण को लेकर आईएएस अफसरों पर गंभीर आरोप लगाए है। उन्होंने कहा दिल्ली में अवैध इमारतें अफसरों की मिलीभगत से बनती हैं, जबकि कार्रवाई हमेशा छोटे अधिकारियों पर कर दी जाती है। उन्होंने चिराग दिल्ली में एक अवैध बिल्डिंग के मामले का उदाहरण बताते हुए कहा कि बिल्डर पर कार्रवाई को लेकर दक्षिण जोन के उपायुक्त की चुप्पी पूरे सिस्टम की सच्चाई उजागर करती है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि वर्ष 2021 में चिराग दिल्ली में घटिया निर्माण सामग्री से बनाई गई एक अवैध इमारत झुक गई थी जिससे बड़े हादसे की आशंका बनी थी। उस समय लगातार दबाव के बाद उस इमारत को गिराया गया, लेकिन बिल्डर के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई, इस पर आज तक कोई जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वही बिल्डर अब 2025 में फिर से उसी स्थान पर इमारत बना रहा है। इसके बावजूद प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। आप नेता ने कहा कि जब भी दिल्ली में कोई इमारत गिरती है और लोगों की जान जाती है, तो कनिष्ठ अभियंता (जेई) जैसे छोटे अधिकारियों को सस्पेंड कर मामले को खत्म कर दिया जाता है, जबकि असली जिम्मेदार आईएएस अफसरों को सिस्टम बचा लेता है।

### हाईकोर्ट में भी रेखा गुप्ता सरकार की पोल खुली- आप

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने प्राइवेट स्कूल फीस कंट्रोल एक्ट को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बाद अब हाईकोर्ट में भी रेखा गुप्ता सरकार की पोल खुल गई है। सोमवार को हाईकोर्ट ने निजी स्कूलों में अभिभावकों को शामिल कर बनाई जाने वाली फीस कंट्रोल कमेटी पर स्टे लगाकर यह साफ कर दिया कि यह कानून दिखावटी और भ्रामक था।

# दो नाबालिगों ने एक नाबालिग की चाकू से गोदकर की हत्या, पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**




पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में सोमवार रात दो नाबालिगों ने एक नाबालिग की चाकू गोदकर हत्या कर दी। सामुदायिक केंद्र के पास सी ब्लॉक के खुले मैदान में किसी बात पर झगड़ा होने पर उसपर हमला किया गया। मृतक की शिनाख्त सोहेल के रूप में हुई है। पुलिस ने हमला करने वाले दोनों नाबालिगों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है।

पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त दरादे शरद भास्कर ने बताया कि रात करीब 9 बजे नाबालिग को चाकू मारे जाने की जानकारी पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल नाबालिग को तुरंत गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल ले गई। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके पेट में चाकू के घाव थे। सोहेल के पिता पेशे से दर्जी हैं। सोहेल अपने माता-पिता और दो भाइयों के साथ ख्याला इलाके में रहता था। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की मदद से दो नाबालिगों को पकड़ लिया। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि झगड़े के कारण उनलोगों ने उसपर हमला किया। जांच में पता चला कि पकड़े गए दोनों नाबालिग ने पढ़ाई छोड़ दी है। एक के पिता का देहांत हो चुका है और उसकी मां घरों में काम करती हैं।

# पीएम सूर्यघर योजना : एक बैंक की ब्रांच को कम से कम 100 लोन करने के निर्देश

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।**



प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत बैंक के हर ब्रांच से कम से कम 100 लोन पास करने के निर्देश दिए गए हैं। सीडीओ अभिनव गोपाल ने सोमवार को विकास भवन सभागार में पीएम सूर्य घर योजना के तहत बैंक लोन लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में 493 बैंक लोन फाइल पर प्रत्येक बैंक मैनेजर और संबंधित डीसी से चर्चा हुई।

इसमें बताया कि आवेदन स्वीकृत होने पर भी लोन पास नहीं किया गया। जानकारी मिली कि केनरा बैंक, पीएनबी और एसबीआई की सबसे अधिक फाइलें लंबित हैं। सीडीओ ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए अगले दो दिनों में लंबित फाइलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान डीसी बैंक को यह जानकारी दी गई कि इस योजना के तहत लोन आवेदन के समय किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। उन्होंने सभी डीसी बैंक को लगातार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### 1.24 लाख उधार मांगने पर हार्डवेयर कारोबारी को धमकाया

**खोड़ा, यूटर्न/ 10 फरवरी।** थानाक्षेत्र स्थित मास्टर पार्क गली नंबर 14 निवासी हार्डवेयर कारोबारी सीता राम ने अब्दुल हमीद और नाजिम नाम के व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि दोनों ने दुकान से उधार सामान लिया। रुपये मांगने पर पीड़ित को धमकी दी और उनके दोस्त पर जानलेवा हमला किया। पुलिस ने आठ फरवरी की रात कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की है। दर्ज मामले में कारोबारी सीताराम ने बताया कि करीब एक माह पहले आरोपियों ने 1.24 लाख रुपये का सामान उनकी दुकान से उधार लिया था। आठ फरवरी को उन्होंने दोनों से अपने उधार के रुपये मांगे। आरोप है कि तब दोनों ने उनसे गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। उनके साथ मौजूद दोस्त मुकेश पर नुकीली वस्तु से जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोबारा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। युवक नोएडा में नौकरी करता था। दो दिन पहले हुए झगड़े में वह घायल हो गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि प्रताप विहार में परिवार के साथ रहने वाले पार्थ चौहान (25) को परिजनों ने रविवार को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पार्थ के सिर में चोट के निशान हैं। परिजनों ने बताया कि पार्थ चौहान नोएडा स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था। नशे का आदी था और आय दिन लोगों से झगड़ा व गाली-गलौज करता रहता था। छह फरवरी को शराब पीने के बाद पार्थ का पड़ोसी से झगड़ा हुआ था। इसमें पडोसी ने सिर में डंडा मारकर पार्थ को घायल कर दिया था। घायल होने के बाद भी पार्थ ने रविवार को शराब पी। इसका उनके पिता ने विरोध किया। परिजनों ने के अनुसार पिता की डांट से क्षुब्ध होकर पार्थ चौहान ने शराब के साथ जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर पार्थ को परिजनों ने एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया।

# गोली मारकर 80 लाख की लूट, कारोबारी-कर्मचारी घायल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**



उत्तर पूर्वी जिले के शास्त्री नगर इलाके में बदमाशों ने गोली मारकर मनी ट्रांसफर कारोबारी व उसके कर्मचारी से 80 लाख रुपये लूट लिए। हाथ पर गोली लगने से कर्मचारी अकील घायल हो गया, जबकि कारोबारी शाहिद की जान बच गई। घायल अकील का जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में इलाज चल रहा है। कारोबारी शाहिद की शिकायत पर शास्त्री पार्क थाना ने लूट, हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में केस किया है।

जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि सोमवार दोपहर 3.30 बजे शास्त्री पार्क थाना पुलिस को लूट की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को मनी ट्रांसफर कारोबारी और उसके कर्मचारी ने बताया कि वह कंपनी के रुपये लेकर जा रहे थे, तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने पिस्टल के बल पर उनकी स्कूटी रोक ली। विरोध पर हमलावरों ने गोली चला दी और बैग लेकर मौके से भाग गए। पुलिस ने घायल कर्मचारी अकील को पास के अस्पताल में लेकर गई।

जांच में पता चला कि शाहिद न्यू उस्मानपुर तीसरे पुश्ते पर मनी ट्रांसफर का काम करता है। उनके साथ अकील भी काम करता है। शाहिद ने पुलिस को बताया कि वह करीब 80 लाख रुपये बैग में रखकर स्कूटी से अपने कर्मचारी अकील के साथ सदर बाजार जा रहे थे। जहां से उन्हें रकम लेकर गुरुग्राम जाना था। उस्मानपुर से दिल्ली सहारनपुर हाइवे होते हुए वह शास्त्री पार्क फ्लाईओवर पर पहुंचे, तभी अपाचे बाइक पर हेलमेट लगाए तीन बदमाश आए और ओवरटेक करके उनकी स्कूटी रोक ली। एक बदमाश ने उनपर पिस्टल तान दी और रकम से भरा बैग मांगने लगे। विरोध करने पर बदमाश ने करीब चार गोली चलाई।

# नकली दवा बनाने वालों के कई राज्यों से जुड़े हैं तार

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।**



हिमालया वेलनेस कंपनी के नाम का इस्तेमाल कर नकली दवा बेचने वाले गिरोह के तार कई राज्यों से जुड़े हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी मयंक अग्रवाल ने बोगस फर्म के जरिये जीएसटी नंबर लिया था। वह मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव भी रहा है। ऐसे में उसने जनपद हापुड़ से वर्ष 2025 में एक मेडिकल स्टोर का लाइसेंस जारी कराया। पुलिस उसके सात साथियों की तलाश में यूपी के विभिन्न जिलों के साथ ही हरियाणा के सोनीपत और उत्तराखंड में दबिश दे रही है।

डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि गिरोह ऑनलाइन ऑर्डर बुक करता था। दवा की सप्लाई कुरियर के जरिये की जाती थी। आरोपियों ने गत वर्ष दिसंबर में अलीगढ़ के एक विक्रेता को लिव-52 दवा की आपूर्ति की थी। इसकी पैकेजिंग और गुणवत्ता में अंतर दिखने पर उसे शक हुआ।

विक्रेता ने इसकी सूचना कंपनी को दी। कंपनी के प्रतिनिधि ललित कुमार ने जांच कराई तो पता चला कि दवा नकली है। इसके बाद ललित कुमार ने मुरादनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसमें बताया गया कि एमपी ट्रेडिंग का प्रोपराइटर मयंक अग्रवाल नकली दवा बनाने के गिरोह को संचालित करता है।

### आरोपियों के बैंक खातों से लाखों का लेनदेन

डीसीपी ने बताया कि गिरोह में 15 लोगों के नाम सामने आ चुके हैं। इनके पकड़े जाने पर अन्य लोगों की संलिप्तता भी उजागर होगी। बताया कि गिरोह सोनीपत की किसी कंपनी से नकली दवा मंगाता था। मयंक ने नवंबर 2025 में कंपनी को लाखों टेबलेट की आपूर्ति का ऑर्डर दिया था। वहां से लगभग 60 हजार टेबलेट लाकर खपाई जा चुकी थीं, जबकि 50 हजार टेबलेट शनिवार को पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपियों से बरामद की गईं। इस दौरान पकड़े गए पांचों आरोपियों मयंक अग्रवाल, अनूप गर्ग, तुषार ठाकुर, आकाश ठाकुर और नितिन त्यागी के मोबाइल खंगाले जा रहे हैं। इनके बैंक खातों से लाखों रुपये का लेनदेन हुआ है। खातों को सीज कराकर मनी ट्रेल की जांच की जा रही है। जांच में सामने आया है कि मयंक और नितिन पार्टनर हैं।

# घायल की मदद कर रहे लोगों को ट्रक ने कुचला, 2 की मौत, हिरासत में आरोपी चालक

» **नोएडा, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

नोएडा में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। थाना सेक्टर-58 क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-62 के पास मेरठ-दिल्ली हाईवे पर रविवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद कई लोग कई फीट हवा में उछलकर सड़क पर गिर पड़े। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 9 फरवरी की रात्रि को मेरठ की ओर से दिल्ली की तरफ आ रही एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। इस दुर्घटना में पिकअप चालक अमित वाहन में फंस गया। उसे बचाने के लिए मौके पर मौजूद तीन ट्रक चालकों ने अपने-अपने वाहन सड़क किनारे रोककर पिकअप चालक को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के व्यापार क्षेत्र में आया ऐतिहासिक बदलाव : पीयूष गोयल



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का व्यापार क्षेत्र तेजी से और ऐतिहासिक रूप से बदल रहा है। उन्होंने बताया कि देश का घरेलू व्यापार पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है और साथ ही दुनिया के बाजारों में भारतीय उत्पादों के लिए नए मौके खुल रहे हैं, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। यह बात मंत्री ने ऑल इंडिया ट्रेडर्स कन्फेडरेशन (सीएआईटी) के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान कही। यह प्रतिनिधिमंडल सांसद प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व में वाणिज्य भवन में उनसे मिला था। पीयूष गोयल ने कहा कि भारत के व्यापारी अब सिर्फ देश तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी पहचान बना रहे हैं।

उन्होंने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में एक अहम अंतरिम व्यापार समझौते का ढांचा तैयार हुआ है। यह समझौता भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिका के बड़े बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी।

# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लोकतंत्रीकरण पर होगा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

भारत दुनिया के सबसे बड़े एआई इवेंट्स में एक 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' को आयोजित करने जा रहा है। इसका फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लोकतंत्रीकरण पर होगा, जिससे समावेशी विकास के साथ-साथ इनोवेशन को भी बढ़ावा दिया जा सके। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को दी गई। बयान में आगे कहा गया कि किफायतीपन, पारदर्शिता और विश्वास पर ध्यान केंद्रित करने से यह सुनिश्चित होता है कि एआई के लाभ किसानों, छात्रों, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप और सार्वजनिक संस्थानों तक समान रूप से पहुंचें। बयान में सरकार ने कहा कि हमारी सोच स्पष्ट है। एआई का लोकतंत्रीकरण एक बार की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रतिबद्धता है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि तकनीकी प्रगति समाजों को सशक्त बनाए, असमानताओं को कम करे और



सभी के लिए सतत विकास का समर्थन करे। कई देशों के लिए, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए, एआई का लोकतंत्रीकरण बुनियादी संसाधनों जैसे डेटा, कंप्यूटिंग और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर तक निष्पक्ष और किफायती पहुंच पर निर्भर करता है।

इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 सामूहिक जुड़ाव के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिसमें 15 से 20 राष्ट्राध्यक्ष, 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय नेका और 100 से अधिक वैश्विक और भारतीय सीएक्सओ एक साथ आएंगे। इसमें चर्चाएं चक्रों या कार्य समूहों के माध्यम से आयोजित की जाती हैं, जो सात परस्पर जुड़े विषयगत क्षेत्रों पर आधारित हैं।

बयान में आगे कहा गया, इनमें से, एआई संसाधनों के लोकतंत्रीकरण पर कार्य समूह एक महत्वपूर्ण पहल है। भारत, मिस्र और केन्या की सह-अध्यक्षता में, यह समूह साझा पहुंच, सहयोग और क्षमता निर्माण के माध्यम से अधिक समावेशी और संतुलित वैश्विक एआई पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए देशों और हितधारकों को एक साथ लाता है। समान पहुंच, सहयोग और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देकर, एआई संसाधनों के लोकतंत्रीकरण पर कार्य समूह एक ऐसे भविष्य का समर्थन करता है जहां सभी देश समावेशी विकास और सतत विकास को आगे बढ़ाने वाले तरीकों से एआई का उपयोग कर सकें। एआई के लोकतंत्रीकरण के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि एआई को शक्ति प्रदान करने वाला मूलभूत ढांचा खुला, किफायती और व्यापक रूप से सुलभ हो।

इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का आयोजन 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम में किया जाएगा।

ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाली यह पहली ग्लोबल एआई समिट, समावेशी विकास, शासन और सतत विकास के लिए एआई की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित करने और उस पर विचार-विमर्श करने के लिए वैश्विक नेताओं, नीति निर्माताओं, प्रौद्योगिकी कंपनियों, नवोन्मेषकों और विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा।

## भारत को फार्मा नवाचार हब बनाने नियामकीय सुधार जरूरी : उद्योग दिग्गज

### अनुमोदन प्रक्रिया को आसान और तेज करना जरूरी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**



देश के फार्मास्युटिकल उद्योग के प्रमुखों ने कहा है कि भारत को नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए तेज, सरल और भरोसेमंद नियामक तंत्र की आवश्यकता है। उद्योग ने आगाह किया कि मंजूरी में देरी, क्लीनिकल परीक्षणों का कमजोर बुनियादी ढांचा और घरेलू नवाचार की कम स्वीकार्यता भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे छोड़ रही है, जबकि चीन जैसे देश तेजी से मूल्य श्रृंखला में आगे बढ़ रहे हैं। सन फार्मा के एक प्रमुख अधिकारी ने बताया कि भारत में मंजूरी मिलने से पहले अक्सर चरण-1 के परीक्षण बेल्जियम या ऑस्ट्रेलिया में पूरे हो जाते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अगर देश नवाचार का हब बनना चाहता है तो अनुमोदन प्रक्रिया को आसान और तेज करना जरूरी है। उद्योग के दिग्गजों ने हाल ही में लागू की गई सरकारी योजनाओं का स्वागत किया। इनमें पीआरआईपी योजना और 1,000 क्लीनिकल परीक्षण केंद्रों को प्रमाणित करने की पहल शामिल है।

## आरबीआई ने एमएसई के लिए 20 लाख तक का कोलैटरल-फ्री लोन देने की घोषणा की

» **मुंबई, यूटर्न/ 10 फरवरी।**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई) के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के तहत अब एमएसई 20 लाख रुपए तक का लोन बिना किसी संपत्ति को गिरवी रखे (कोलैटरल-फ्री) ले सकते हैं। यह संशोधन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को लोन देने संबंधी पुराने नियमों में बदलाव है। आरबीआई ने यह भी बताया कि ये नए निर्देश 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। आरबीआई का उद्देश्य है कि सीमित संसाधनों वाले छोटे उद्यमों तक वित्तीय सहायता आसानी से पहुंचे। इससे वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकेंगे और बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठा पाएंगे। इसके अलावा, यह कदम एमएसई क्षेत्र में लोन वितरण प्रक्रिया को तेज और आसान बनाने के लिए भी उठाया गया है। एमएसएमई उद्योगों को मदद देने के लिए सरकार ने भी नए कदम उठाए हैं।

## जनवरी में म्यूचुअल फंड निवेश बना रहा मजबूत, फ्लेक्सी-कैप फंड्स का रहा जलवा, गोल्ड ईटीएफ में 50 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**



नए साल 2026 के पहले महीने यानी जनवरी के लिए म्यूचुअल फंड्स का डेटा मंगलवार को जारी हो गया है। एम्फी यानी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के अनुसार, भारत में जनवरी में गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) में 50 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई और इसका मासिक निवेश पूरे इक्विटी म्यूचुअल फंड सेगमेंट में सबसे अधिक रहा।

जनवरी में गोल्ड ईटीएफ में निवेश दोगुना होकर 24,039.96 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो दिसंबर में 11,647 करोड़ रुपए था। यह दर्शाता है कि लोग शेयर बाजार के साथ-साथ सोने जैसे सुरक्षित निवेश को भी महत्व दे रहे हैं।

इस बीच, जनवरी महीने में एक्टिव इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 24,029 करोड़ रुपए रहा, जो दिसंबर के 28,054 करोड़ रुपए से लगभग 14 प्रतिशत कम है। यानी म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में निवेशकों का भरोसा मजबूत बना रहा।

नवंबर में इक्विटी फंड्स में 29,911 करोड़ रुपए, तो वहीं उससे पहले अक्टूबर में 24,690 करोड़ रुपए का इन्फ्लो आया था। जुलाई 2025 में इक्विटी फंड्स में अब तक सबसे ज्यादा 42,702 करोड़ रुपए का इन्फ्लो आया था। हालांकि, कुल म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के लिए जनवरी एक अच्छा महीना साबित हुआ। इस दौरान कुल मिलाकर 1.56 लाख करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया, जबकि दिसंबर में 66,591 करोड़ रुपए की निकासी हुई थी। इससे साफ है कि निवेशकों का रुझान अब फिर से म्यूचुअल फंड की ओर बढ़ रहा है।

एक्टिव इक्विटी फंड्स में अलग-अलग श्रेणियों में निवेश देखने को मिला। लार्ज-कैप फंड्स में 2,004 करोड़ रुपए का निवेश दर्ज किया गया, जो दिसंबर (1,567 करोड़ रुपए) से ज्यादा है। मिड-कैप श्रेणी में 3,185.47 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जबकि पिछले महीने इस श्रेणी में कुल निवेश 4,176 करोड़ रुपए था। स्मॉल-कैप फंडों में 2,942.11 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया, जबकि दिसंबर में शुद्ध निवेश 3,824 करोड़ रुपए रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### औरियोप्रो साल्यूसंस के शेयर में 100 फीसदी तक तेजी की संभावना

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।** आईटी और टेक सॉल्यूशंस कंपनी औरियोप्रो साल्यूसंस ने दूसरी तिमाही के वित्त वर्ष 26 में शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी की कुल आय 3,710 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की तुलना में 21 फीसदी अधिक है। एबिटा बढ़कर 754 करोड़ रुपए हुआ और मार्जिन लगभग 20.3 फीसदी स्थिर रहा। हालांकि, नए लेबर कोड के एक बार के खर्च के कारण मुनाफा उम्मीद से थोड़ा कम रहा, जिससे 81 करोड़ रुपए का असर पड़ा। कंपनी की ग्रोथ का सबसे बड़ा सहारा बैंकिंग और टीआईजी सेगमेंट रहे। बैंकिंग बिजनेस की आय में 20 फीसदी से अधिक वृद्धि हुई, खासकर भारत और सिंगापुर में नए बड़े ऑर्डर्स की वजह से। टीआईजी सेगमेंट में भी 23 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। ट्रांजिट और डेटा सेंटर बिजनेस में भी कंपनी नए हाई वैल्यू प्रोजेक्ट्स पर फोकस कर रही है। औरियोप्रो की ऑर्डर बुक 17,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है, जो पिछली तिमाही से 13 फीसदी और पिछले साल से 31 फीसदी अधिक है। मेट्रो प्रोजेक्ट्स, ट्रांजिट सिस्टम और पीएसयू बैंकों के बड़े ऑर्डर आने वाले वर्षों में कंपनी की कमाई को मजबूती देंगे।

### पीएमआईएस में होगा बदलाव, इंटर्नशिप अवधि और आयु सीमा में कमी पर विचार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।** कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) की प्रायोगिक परियोजना में सुधारों का प्रस्ताव व्यय वित्त समिति को सौंपा है। मंत्रालय ने कहा कि योजना को उम्मीदवारों के लिए और अधिक सुलभ और आकर्षक बनाने के लिए इंटर्नशिप की अवधि और आयु सीमा में कमी पर विचार किया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि योजना को पूरी तरह लागू करने से पहले इन बदलावों के साथ उसका परीक्षण किया जाएगा। पायलट चरण में लगभग 1 लाख प्रशिक्षुओं को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में 840 करोड़ रुपये के बजट के साथ योजना की प्रायोगिक परियोजना को मंजूरी दी गई थी। संसद में दिए गए जवाब के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 31 दिसंबर तक पायलट परियोजना में 64.91 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

## गलती से अरबों डॉलर के बिटकॉइन बांटने पर नियामक ने शुरू की बिथंब की जांच

» **सोल, यूटर्न/ 10 फरवरी।**




दक्षिण कोरिया के वित्तीय नियामकों ने स्थानीय क्रिप्टो एक्सचेंज बिथंब के खिलाफ औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह जांच इस बात को लेकर की जा रही है कि बिथंब ने गलती से 60 ट्रिलियन वॉन यानी लगभग 41.2 अरब डॉलर मूल्य के बिटकॉइन कैसे बांट दिए, जबकि उसके पास इतने बिटकॉइन मौजूद ही नहीं थे। उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, यह मामला बेहद गंभीर माना जा रहा है।

योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, नियामकों ने सोमवार को बिथंब को जांच की जानकारी दी। इससे तीन दिन पहले अधिकारियों ने एक्सचेंज के दफ्तर में जाकर जांच की थी।

वित्तीय पर्यवेक्षण सेवा (एफएसएस) के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया जा रहा है और बाजार की व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी काम के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह गलती शुक्रवार को हुई, जब बिथंब ने एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान 620,000 वॉन भेजने की बजाय गलती से 620,000 बिटकॉइन 249 ग्राहकों के खातों में भेज दिए। इस घटना के बाद एक्सचेंज पर बिटकॉइन की भारी बिकवाली शुरू हो गई, जिससे बाजार में हलचल मच गई।

बिथंब ने अपने बयान में कहा कि गलती का पता चलते ही ज्यादातर गलत तरीके से भेजे गए बिटकॉइन तुरंत वापस ले लिए गए। हालांकि, तब तक 1,788 बिटकॉइन पहले ही बेचे जा चुके थे, जिन्हें वापस नहीं लिया जा सका। बिथंब जैसे केंद्रीकृत क्रिप्टो एक्सचेंज एक विशेष कंप्यूटर सिस्टम का इस्तेमाल करते हैं, जिसे बुक-एंट्री ट्रेडिंग सिस्टम कहा जाता है। इस सिस्टम में लेन-देन की जानकारी एक्सचेंज के अपने रिकॉर्ड में रखी जाती है, न कि हर लेन-देन को सार्वजनिक ब्लॉकचेन पर दर्ज किया जाता है।

अगर इस सिस्टम को सही तरीके से संभाला न जाए, तो असली बिटकॉइन और रिकॉर्ड में दिख रहे बिटकॉइन में अंतर आ सकता है, जिसे फैंटम बैलेंस कहा जाता है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बुजुर्ग से लूट के मामले में पुलिस की लापरवाही पर अदालत ने दोबारा जांच के आदेश दिए

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

अदालत ने 66 वर्षीय बुजुर्ग से हुई लूटपाट के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नवीन कुमार-1 की अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पुलिस द्वारा पेश की गई अनट्रेस्ड रिपोर्ट यानी आरोपी का सुराग न मिलने की रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। अदालत ने पुलिस कमिश्नर को सीधे आदेश दिया है कि इस मामले की जांच किसी जिम्मेदार इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी से दोबारा कराई जाए जो पिछली जांच टीम का हिस्सा न रहा हो।



पूरा मामला 13 नवंबर 2023 की रात करीब आठ बजे का है जब जवाहर कॉलोनी निवासी जयवीर सिंह अपनी गाड़ी से सेक्टर 86 के पास से गुजर रहे थे। तभी एक नकाबपोश मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें रोका और पिस्तौल तानकर उनसे 38 हजार रुपये लूट लिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस मामले में थाना खेड़ीपुल में 14 नवंबर 2023 को एफआईआर दर्ज कि थी।

अदालत ने पाया कि जांच के दौरान पुलिस ने सबसे महत्वपूर्ण साक्ष्य यानी सीसीटीवी फुटेज को समय पर सुरक्षित करने में भारी लापरवाही की। रिकॉर्ड के अनुसार स्मार्ट सिटी सर्विलांस की फुटेज तीस दिनों के बाद ओवरराइट हो गई जिससे अपराधी की पहचान का सबसे बड़ा जरिया खत्म हो गया। अदालत ने जांच रिपोर्ट में भी भारी खामियां पकड़ीं जिसमें पाया गया कि फाइल में ऐसी जानकारियां और कागजात लगाए गए थे जिनका इस केस से कोई लेना-देना नहीं था। पुलिस ने बिना ठोस वैज्ञानिक और तकनीकी जांच के ही मामले को अनट्रेस्ड बताकर बंद करने की कोशिश की थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि बुजुर्ग नागरिक के साथ हथियार के दिखाकर लूट एक गंभीर अपराध है और पुलिस की सतही जांच न्याय के विरुद्ध है। अदालत ने आदेश दिया है कि नए जांच अधिकारी सभी तकनीकी और डिजिटल साक्ष्यों की नए सिरे से पड़ताल करें और गवाहों के बयान दोबारा दर्ज करें। पुलिस कमिश्नर को इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है और अब मामले की अगली सुनवाई दो मार्च को होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बैंक में बंधक दुकान व फ्लैट बेचा, पिता-पुत्री पर प्राथमिकी दर्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र निवासी ललित कुमार ने दिल्ली स्थित यमुना विहार के रहने वाले सरदार बेअंत सिंह और उनकी बेटी अमनदीप कौर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर आठ फरवरी की रात हुई है। आरोप है कि पिता-पुत्री ने पीड़ित से 48 लाख रुपये लेकर बैंक में बंधक रखी अपनी संपत्ति फर्जीवाड़ा कर बेच दी। बैंक ने तीन दुकानों को सीज कर दिया है। दर्ज मामले में ललित कुमार ने बताया कि आरोपियों ने यमुना विहार स्थित अपने एक फ्लैट और चार दुकानों को रुपयों की जरूरत के चलते बेचने या किराये पर देने की बात कही थी। करीब एक वर्ष पहले दोनों उनसे मिले और चार दुकानों का अनुबंध करते हुए 48 लाख रुपये का भुगतान उनसे ले लिया। आरोप है कि चारों दुकानों को बंधक रख आरोपी पहले ही बैंक से लोन ले चुके थे। जब लोन चुकता नहीं हुआ तब कुछ दिन पहले बैंक की तरफ से दुकानों को सीज कर दिया था।

### देश का सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा गाजियाबाद, एक्यूआई पहुंचा 289

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।** चौबीस घंटे के अंतराल में एक्यूआई में 101 अंकों की बढ़ोतरी के साथ सोमवार को गाजियाबाद देश का सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा। शाम चार बजे पीसीबी के समीर एप पर जारी बुलेटिन में गाजियाबाद का एक्यूआई 289 दर्ज किया गया। रविवार को गाजियाबाद में सामान्य श्रेणी की हवा रही थी और एक्यूआई 188 दर्ज किया गया था। फरवरी के नौ दिनों में यह दूसरी बार है, जब गाजियाबाद देश का सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा। इससे पूर्व तीन फरवरी को 337 एक्यूआई के साथ देश का सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा था।

## डिजिटल अरेस्ट कर 30.50 लाख की ठगी में एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।** डिजिटल अरेस्ट कर 30.50 लाख रुपये की ठगी मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी 32 साल का मिर्जा मुस्तफा तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला है। पूछताछ में पता चला कि इसने अपना बैंक खाता साइबर ठगों को दिया हुआ था। आरोपी प्रॉपर्टी डीलर के तौर पर काम करते है। इसके खाते में ठगी के 20 लाख रुपये आए थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना एनआईटी की टीम ने पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत सेक्टर-46 के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। शिकायत में बताया गया कि 3 नवंबर 2025 को उनके पास एक अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एटीएस का पुलिसकर्मी बताया और शिकायतकर्ता को कहा कि उनके खाते में गलत तरीके से पैसे आये हैं। आरोपी ने कहा कि इन रुपयों की आरबीआई से वेरिफिकेशन होनी है और शिकायतकर्ता का अरेस्ट वारंट जारी होने की बात कही। इसके बाद ठगों ने उनके पैसों की वेरिफिकेशन करने के नाम पर विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिये अलग-अलग खातो में कुल 3050023 रुपये ट्रांसफर करवा लिये। साइबर क्राइम थाना एनआईटी की टीम ने एफआईआर दर्ज कर जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## संदिग्ध आतंकी की मौत पर बजरंग दल ने बांटी मिठाइयां

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।** नीमका जेल में बंद एक संदिग्ध आतंकी मौत की खबर सामने आने के बाद सोमवार को शहर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी जताई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता के जयकारे लगाए और इसे देशहित से जुड़ा विषय बताया। बजरंग दल के जिला संयोजक पुनीत वशिष्ठ, विजय हिंदू, पंकज जैन और रतनलाल सहित अन्य युवाओं ने मौके पर एकत्र होकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि संबंधित व्यक्ति पर राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने का आरोप था और उसे गुजरात एटीएस तथा हरियाणा पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया था। उनका कहना है कि उसकी मौत को वे देशहित में सकारात्मक मानते हैं। जिला संयोजक पुनीत वशिष्ठ ने बताया कि कार्यकर्ताओं द्वारा इस घटना के उपलक्ष्य में मिठाइयां वितरित की गईं। उन्होंने कहा कि संगठन देश की सुरक्षा और शांति के मुद्दों को गंभीरता से लेता है।

## शार्ट सर्किट से अपार्टमेंट में लगी आग, मचा हड़कंप, दमकलकर्मियों ने पाया काबू

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।** सोमवार देर रात फरीदाबाद के सूरजकुंड थाना क्षेत्र में एक अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल पर भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही तुरंत दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का काम शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सूरजकुंड थाना के एसएचओ प्रह्लाद सिंह अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले फायर ब्रिगेड को सूचित किया और भीड़ को घटनास्थल से दूर कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की लगभग 6 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। भारी मशक्कत के बाद, दमकल कर्मियों की कड़ी मेहनत से आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि इस भीषण आग में किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

## आनंद विहार स्टेशन को हाईटेक बनाने की मंजूरी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

आनंद विहार रेलवे स्टेशन अब स्मार्ट तकनीक से लैस होने जा रहा है। इसके तहत रेलवे यहां यात्री सूचना, संकेत प्रणाली और दूरसंचार से जुड़ी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित करने की परियोजना शुरू कर रही है। इस पर लगभग 1.79 करोड़ रुपये लागत आएगी। रेल प्रशासन ने इसकी निविदा भी जारी कर दी है।

अधिकारियों के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट का मकसद यात्रियों को तेज, सटीक और डिजिटल सूचना प्रणाली उपलब्ध कराना है। प्रतिदिन लाखों यात्रियों की आवाजाही वाले आनंद विहार स्टेशन पर यह सुविधा खासतौर पर बुजुर्गों, दिव्यांगों और पहली बार यात्रा करने वालों के लिए लाभकारी होगी।



### नव-निर्मित प्लेटफॉर्म पर लगेंगी आधुनिक प्रणालियां :

स्टेशन के नव-निर्मित प्लेटफॉर्म पर एफएनओ (फाइबर नेटवर्क ऑपरेशन), एसएसडी, एनक्लोजर, बीबीडब्ल्यू (ब्रॉड बैंड विंडो) और यात्री सुविधाओं से जुड़ी दूरसंचार आधारित संतुलित काउच मार्गदर्शन प्रणाली स्थापित की जाएगी। इससे यात्रियों को प्लेटफॉर्म, ट्रेन की स्थिति, कोच की जानकारी और दिशा-निर्देश पहले से कहीं अधिक स्पष्ट रूप में मिल सकेंगे। नई प्रणालियां पूरी तरह आईपी आधारित होंगी।

### तकनीकी खराबियों की संभावना भी होगी कम :

परियोजना से सूचनाओं का आदान-प्रदान तेज होगा और तकनीकी खराबियों की संभावना भी कम रहेगी। इसके पूरा होने के बाद स्टेशन परिसर में डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, स्वचालित उद्घोषणा प्रणाली, आधुनिक सिग्नलिंग और बेहतर दूरसंचार नेटवर्क के माध्यम से यात्रियों को ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान, प्लेटफॉर्म परिवर्तन और देरी से जुड़ी सूचनाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी। यात्रियों को टिकट काउंटर या पूछताछ केंद्रों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

### अन्य स्टेशनों पर भी लागू होंगी सुविधाएं

योजना के अनुसार, जिन स्टेशनों पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (एनडीएलएस) के पुनर्विकास के कारण वैकल्पिक रूप से ट्रेन संचालन शुरू किया जाना है, वहां भी इसी तरह की संतुलित आईपी आधारित स्वचालित घोषणाएं, टीएसडीबी (ट्रेन स्टेटस डिस्प्ले बोर्ड) और अन्य आधुनिक प्रणालियां लगाई जाएंगी।

### डिजिटल इंडिया और स्मार्ट रेलवे की दिशा में अहम कदम

अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की परियोजनाएं 'डिजिटल इंडिया' और 'स्मार्ट रेलवे' अभियान को मजबूती प्रदान करती हैं। आधुनिक तकनीक के उपयोग से न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि रेलवे संचालन भी अधिक सुरक्षित और कुशल बनेगा।

## ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

मोरटा गांव में प्रस्तावित हाउसिंग परियोजना को लेकर कंपनी के प्रतिनिधि ने बिल्डर फर्म पर डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। केडब्ल्यू बिल्डकॉन कंपनी ने बिल्डर फर्म और उसके साझेदारों पर डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी, मूल दस्तावेज हड़पने, समझौते के उल्लंघन और भूमि को अवैध रूप से बेचने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि नोएडा सेक्टर-63 स्थित




केडब्ल्यू बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधि अंकित तोमर के मुताबिक दो मार्च 2013 को मोरटा गांव की जमीन पर ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट विकसित करने के लिए केडब्ल्यू बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड और पंजीकृत साझेदारी फर्म मैसर्स एसएस बिल्डर्स यूनिट के बीच एग्रीमेंट हुआ था।

## शेयर बाजार में निवेश के बहाने 73.97 लाख की ठगी में दो धरे

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

शेयर बाजार में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 73.97 लाख रुपये की ठगी में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में बल्लभगढ़ का रहने वाला पुष्कर (30) और दिल्ली के बेगमपुर का रहने वाला यश मेहन (48) वासी शामिल हैं। इनसे पूछताछ में सामने आया कि मामले में आरोपी पुष्कर बैंक खाताधारक है। इसने अपना बैंक खाता आगे यश मेहन को दिया था। इस खाते में ठगी के 2 लाख रुपये आये थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों को 2 दिन के रिमांड पर लेकर




साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत सेक्टर-86 के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। शिकायत में बताया गया कि उनके व्हाट्सएप पर एक लिंक आया जिस पर क्लिक करते ही वह एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गए।

## दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की बड़ी कामयाबी, दो लापता लड़कियों को सुरक्षित परिवार को सौंपा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

दिल्ली पुलिस की डब्ल्यूआर-क्क क्राइम ब्रांच की टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। टीम ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के हाथरस और बुलंदशहर से दो लापता लड़कियों को सुरक्षित बरामद किया और उन्हें उनके परिवारों के पास लौटा दिया। दोनों मामलों में 20,000 रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।

पहले मामले में, 18 साल की लड़की 11 नवंबर 2025 को अलीपुर, दिल्ली से लापता हुई थी। पुलिस ने गहन जांच और फील्ड इंटेलिजेंस के जरिए उसे बुलंदशहर के गांव बरारी से खोजा। उसे अलीपुर थाना, दिल्ली लाकर आई.ओ. को सौंपा गया।

दूसरे मामले में, 21 साल की लड़की 29 अक्टूबर 2025 को बेगमपुर, दिल्ली से गायब हुई थी। वह हाथरस के पैठगांव से बरामद हुई और उसके माता-पिता को सौंप दी गई। इन दोनों अभियानों में डब्ल्यूआर-क्क/क्राइम ब्रांच की टीम ने शानदार काम किया। टीम में एसआई अनुज चिकारा, एचसी भंवर, एचसी रविंदर और डब्ल्यू/सीटी किरण शामिल थे, और पूरी कार्रवाई का मार्गदर्शन एसीपी/डब्ल्यूआर-क्क राजपाल डाबास ने किया।

टीम ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स (सीडीआर) का विश्लेषण किया, फील्ड इंटेलिजेंस जुटाई और दिल्ली और यूपी में मिलकर छापेमारी की। इसी रणनीति के चलते दोनों लड़कियों को सुरक्षित वापस लाया जा सका।

यह सफल ऑपरेशन दिल्ली पुलिस, खासकर डब्ल्यूआर-क्क/क्राइम ब्रांच के लापता लोगों, खासकर कमजोर नाबालिगों को ट्रेस करने और उन्हें सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुंचाने के पक्के इरादे को दिखाता है। दिल्ली पुलिस लोगों की सुरक्षा और भलाई के लिए अपनी लगन को दोहराती है और नागरिकों को ऐसी किसी भी जानकारी को तुरंत रिपोर्ट करने के लिए बढ़ावा देती है, जिससे अपराधों को रोकने या लापता लोगों का पता लगाने में मदद मिल सकती है।

# महिला खुद तय करे रिश्ते की दिशाः शाल्मली खोलगडे



बॉलीवुड और म्यूजिक इंडस्ट्री में बदलते दौर की मजबूत झलक प्लेबैक सिंगर शाल्मली खोलगड़े के नए गाने इम्प्रेशन में देखने को मिलती है। अपने इस नए गाने के जरिए शाल्मली ने एक म्यूजिकल एक्सपेरिमेंट किया है, जिसमें महिला खुद अपने रिश्ते की दिशा तय करती है। परेशान, बलम पिचकारी और लत लग गई जैसे यादगार गानों से पहचान बनाने वाली शाल्मली खोलगड़े ने अपने नए ट्रैक इम्प्रेशन को लेकर कहा, मैं अपनी सोच और अभिव्यक्ति के साथ आगे बढ़ती हूं। यह गाना आज के दौर के रिश्तों को दर्शाता है, जहां आकर्षण दिखावे या बड़े-बड़े वादों से नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, संतुलन और अपने आप में सहज होने से पैदा होता है। इसी सोच को गाना आगे बढ़ाने का काम करता है। म्यूजिक वीडियो में शाल्मली खुद डांस करती नजर आती हैं। शाल्मली ने गाने को लेकर कहा, इम्प्रेशन मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि इसमें मुझे संगीत और डांस दोनों के जरिए खुद को अभिव्यक्त करने का मौका मिला है। एक कलाकार के तौर पर यह मेरे लिए बहुत संतोषजनक अनुभव रहा। पुराने समय के गीतों में महिलाओं के लिए भावनात्मक भूमिकाएं पहले से तय रही हैं, जहां इंतजार, तड़प और त्याग को ही प्रेम का पर्याय मान लिया गया था, लेकिन आज की सच्चाई इससे कहीं ज्यादा व्यापक है। शाल्मली ने कहा, अब महिलाएं सिर्फ हालात का इंतजार करने वाली नहीं हैं, बल्कि वे खुद फैसले लेती हैं, नजरों से बात करती हैं और यह तय करती हैं कि रिश्ते की भावनात्मक गति कैसी होगी। इम्प्रेशन इसी सोच को सामने लाता है। फिल्मों में पहले के गानों में महिलाओं को अक्सर इंतजार करती, त्याग करती और भावनाओं में डूबी हुई दिखाया जाता था, वहीं आज के कलाकार नई सोच और नए आत्मविश्वास के साथ सामने आ रहे हैं।



# हमेशा अलग और दमदार कहानियों को चुनती हैं भूमि पेडनेकर

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि सतीश पेडनेकर हमेशा ग्लैमर और जरूरत से ज्यादा ड्रामा से दूर, अलग और दमदार कहानियों को चुनती हैं। भूमि पेडनेकर कभी भी तयशुदा फॉर्मूले पर चलने वाली कलाकार नहीं रही हैं। अपनी पहली फिल्म से ही भूमि ने दम लगा के हईशा, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, पति पत्नी और वो, बधाई दो, थैंक यू फॉर कमिंग, शुभ मंगल सावधान, बाला, भीड़, भक्षक, सांड की आंख जैसी फिल्मों के जरिए समाज से जुड़े मुद्दों पर बात करने की हिम्मत दिखाई है।

अब उनकी ग्लोबल ओटीटी हिट सीरीज दलदल भी इसी कड़ी का हिस्सा है। भूमि की फिल्मों और शोज में दिखावा कम और कंटेंट ज्यादा होता है। यही वजह है कि दर्शक उनकी कहानियों से जुड़ते हैं और बार-बार उन्हें देखना चाहते हैं। दलदल के ओटीटी हिट बनने के साथ भूमि ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनके लिए माध्यम नहीं, बल्कि कला और अभिनय सबसे जरूरी है। बड़े पर्दे पर अपनी मजबूत पहचान बनाने के बाद, भूमि ने अमेजन प्राइम की टॉप-ट्रेंडिंग साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर दलदल के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी अपनी पकड़ साबित की है। यह सीरीज अमेरिका, यूके, यूएई समेत कई देशों में ट्रेंड कर रही है और दुनियाभर में सराही जा रही है। इसकी सफलता भूमि की बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाती है और उन्हें भारत की सबसे भरोसेमंद और निडर अभिनेत्रियों में शामिल करती है।



# शर्लिन चोपड़ा बर्थडे

## 15 साल की उम्र में जीता मिस आंध्र का खिताब, 'प्लेबॉय' में फोटोशूट से मिली शोहरत

हिंदी सिनेमा में जहां सशक्त मुख्य भूमिकाओं के लिए अभिनेत्रियों की अहमियत बनी रही है, वहीं कुछ बोल्ड अभिनेत्रियों और मॉडलों ने भी अपनी अलग पहचान बनाई है। इन कलाकारों ने पारंपरिक अभिनय से इतर अपनी बेबाक छवि और बोल्ड प्रजेंटेशन के जरिए दर्शकों के बीच खास जगह बनाई। इसी कड़ी में नाम आता है शर्लिन चोपड़ा का, जो 11 फरवरी को अपना 38वां जन्मदिन मना रही हैं। आज भी वह ओटीटी मंचों पर सक्रिय हैं और अपने बोल्ड दृश्यों के कारण चर्चा में रहती हैं। मीडिया में भी उनकी मौजूदगी लगातार बनी रहती है, जिससे वह सुर्खियों में रहती हैं। कम ही लोग जानते हैं कि शर्लिन चोपड़ा को असली पहचान फिल्मों के जरिए नहीं, बल्कि मैग्जीन जगत से मिली। एक प्रतिष्ठित मैग्जीन में उनकी बोल्ड फोटोज ने उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई, जिसके बाद वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी चर्चा का विषय बनीं। यही पहचान आगे चलकर उनके करियर की दिशा तय करने में भी अहम साबित हुई। हैदराबाद में जन्मी शर्लिन को मॉडल बनने का शौक बचपन से था और यही वजह रही कि मात्र 15 साल की उम्र में अभिनेत्री ने मिस आंध्र का खिताब जीता था। मॉडलिंग के बाद अभिनेत्री फिल्मों में काम करने के लिए कई ऑडिशन दिए और साल 2002 में उन्हें तमिल फिल्म वेंडी मब्बू' में काम किया था, जो एरोटिक फिल्म थी। उसी साल, उन्होंने एक तमिल फिल्म 'यूनिवर्सिटी' और एक अंग्रेजी फिल्म 'बीपर' में भी अभिनय किया। तीनों फिल्में पर्दे पर रिलीज हुई लेकिन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में अपना बजट भी नहीं निकाल पाई। बॉलीवुड में शर्लिन ने एंट्री 2005 में आई फिल्म 'टाइम पास' से की थी। जिसके बाद 'दोस्तीः फ्रेंड्स फॉरएवर', जवानी दीवानीः ए यूथफुल जॉयराइड', 'नॉटी बॉय', 'गेम', 'रकीब', 'रेड स्वस्तिक', और 'दिल बोले हड़िप्पा! जैसी फिल्मों में काम किया। शर्लिन की फिल्में कब आई और कब चली गई, किसी को पता नहीं चला, लेकिन साल 2012 में ग्लोबल लेवल पर शर्लिन के नाम की सुनामी आ गई। अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा उस समय सुर्खियों में आईं, जब वह प्लेबॉय मैग्जीन के लिए बिना कपड़ों के फोटो शूट कराने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। हालांकि, इस मामले में विवाद तब खड़ा हुआ, जब प्लेबॉय मैग्जीन ने यह कहकर इनकार किया कि उनकी शर्लिन के साथ किसी तरह की प्रत्यक्ष मुलाकात हुई थी। इसके बावजूद बाद में अभिनेत्री का डिजिटल फोटो शूट जारी किया गया। डिजिटल फोटो शूट के सामने आते ही व्यापक चर्चा शुरू हो गई और रातो-रात शर्लिन देशभर के अखबारों और टीवी चैनलों की सुर्खियां बन गई। इस घटनाक्रम ने मनोरंजन जगत में खासा हलचल पैदा की। मैग्जीन के अलावा शर्लिन चोपड़ा ने रियलिटी शो बिग बॉस-3 में भी हिस्सा लिया था। शो के दौरान उनके पहनावे और बयानों को लेकर भी खूब चर्चा हुई। उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह कहा था कि वह अभिनेता अमिताभ बच्चन की बड़ी प्रशंसक हैं और भविष्य में ऐसे ही लंबे कद और मजबूत कद-काठी वाले जीवनसाथी से विवाह करना चाहेंगी।

# यूएफा महिला चैंपियंस लीग खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर हैं मनीषा




**लीमा, यूटर्न/ 10 फरवरी।** भारतीय महिला फुटबॉलर मनीषा कल्याण मनीषा यूएफा महिला चैंपियंस लीग में खेलने वाली पहली भारतीय फुटबॉलर हैं। इसके बाद से ही उन्हें विदेशी लीग से प्रस्ताव मिलने शुरू हुए। अब मनीषा पेरु के क्लब एलियांजा लीमा से खेलती हुई नजर आयेंगी। मिडफील्डर मनीषा ने हाल ही में इस क्लब से करार किया है। मनीषा के अनुसार इससे उन्हें काफी कुछ सीखने का अवसर मिलेगा। मनीष के अनुसार वह इस टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा, मैं इस क्लब में आकर बहुत खुश हूं। मुझे उनका खेलने का अंदाज काफी अच्छा लगता है मैं अब इस नई चुनौती को लेकर बेहद उत्साहित हूं। वहीं क्लब एलियांजा ने कहा, मनीषा के साथ करार से हमें खुशी हुई है। उनके आने से हैं टीम को मजबूत मिलेगी। उन्होंने यूरोपीय फुटबॉल के शीर्ष स्तर पर खेला है जिसका लाभ क्लब को मिलेगा। साथ ही कहा, कल्याण ने क्लब और राष्ट्रीय टीम दोनों स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। उनके पेशेवर करियर में भारत, साइप्रस और यूनान की लीग में खेलने का अनुभव शामिल है। वहीं मनीषा ने कहा कि उसका प्रयास क्लब के लिए बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। उनका ध्यान अपना सौ फीसदी देने पर रहेगा।

# पोंटिंग ने बाबर आजम के फार्म पर सवाल उठाये

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम के फार्म पर सवाल उठाये हैं। पोंटिंग ने कहा है कि बाबर ने जिस प्रकार से एसोसिएट टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ धीमी बल्लेबाजी की है। उससे साफ है कि वह सहज नहीं हैं। इसके बाद भी वह नीदरलैंड्स के खिलाफ 18 गेंदों में केवल15 रन ही बना पाये। इस पारी के दौरान वह न एक भी चौका, छक्का नहीं लगा पाये। पोंटिंग के अनुसार आजम के शॉट में पहले जैसी ताकत नजर आई और न ही टाइमिंग नजर नहीं आई। पोंटिंग ने कहा, अगर आप 18 गेंदों में 15 रन बना रहे हैं तो इससे साफ है कि आप दबाव में है और स्ट्राइक भी रोटेट नहीं कर पा रहे। इससे दूसरे बल्लेबाजों पर भी दबाव आता है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि बाबर को फिर से नंबर-3 पर बल्लेबाजी करानी चाहिए जिससे वह पावरप्ले के दौरान मैदान की पाबंदियों का लाभ उठाकर रन बना सकें। पोंटिंग ही नहीं भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भी कहा कि बाबर अपने पहले ही मैच में रनों के लिए जूझते दिखे। वहीं शास्त्री ने कहा कि बाबर पर उम्मीदों का बोझ है जिससे वह खुलकर नहीं खेल पा रहे। शास्त्री ने कहा, करियर के इस पड़ाव पर उम्मीदों का बोझ काफी अधिक होता है। लोग चाहते हैं कि वह पाक के शीर्ष बल्लेबाज होने के कारण हर मैच में रन बनाये। उन्हें पहले पांच गेंदों में दो बाउंड्री लगाने की कोशिश करनी चाहिए, भले ही वह आउट हो जाएं।टी20 क्रिकेट में बीच के ओवर बेकार करने से निचले स्तर पर आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव पड़ता है। पोंटिंग ने यहां तक कहा कि टीम को यह भी सोचना होगा कि बाबर को वर्तमान क्रम पर रखा जाए या नहीं। उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान को टूर्नामेंट में आगे जाना है तो उन्हें बाबर का सर्वश्रेष्ठ संस्करण चाहिए। पाक को अब 11 फरवरी को कोलंबो में अमेरिका से खेलना है और इस मैच में बाबर बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करना चाहेंगे।





## संक्षिप्त खबरें

### रूस के क्रास्नोडार भूकंप के तेज झटके

**मास्को, यूटर्न/ 10 फरवरी।** रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। यूरो-मेडिटेरेनियन भूकंप विज्ञान केंद्र (इएमएससी) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। नोवोरोसिस्स्क के महापौर आंद्रेई क्रावचेंको ने मंगलवार को कहा कि भूकंप के झटके शहर से 30 किलोमीटर (18.6 मील) दूर महसूस किये गये और इससे शहर की अवसंरचना को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इएमएससी के मुताबिक रिएक्टर पैमाने 4.8 तीव्रता वाले भूकंप के झटके 23:21 बजे नोवोरोसिस्स्क से 35 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र धरती की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में था।

### प्रतिबंध हटा लिए जाएं तो 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का विलय कर सकता है ईरान-इस्लामी

**तेहरान, यूटर्न/ 10 फरवरी।** ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लामी ने कहा है कि अगर उसके ऊपर लगाए गए प्रतिबंध हटा लिए जाते हैं तो वह अपने 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम को विलय करने पर विचार कर सकता है। यूरेनियम को विलय करने का मतलब है उसे 'ब्लेंड मटेरियल' के साथ मिलाना ताकि उसका संवर्धन स्तर कम हो जाए। इससे यूरेनियम का अंतिम रूप एक तय संवर्धन सीमा से ज्यादा नहीं होता। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ईरानी छात्र समाचार एजेंसी (इसना) ने सोमवार को श्री इस्लामी के हवाले से कहा कि ईरान और अमेरिका राजनीतिक मुद्दों के साथ-साथ परमाणु मुद्दों पर भी चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ ईरान के संबंध जारी हैं। उन्होंने कहा कि जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के सैन्य हमले के संबंध में एजेंसी की एक अनसुलझी ज़िम्मेदारी है। रिपोर्ट में श्री इस्लामी के हवाले से कहा गया कि अगर ईरान आईएईए की देखरेख में है, उसके पास एजेंसी का प्रमाण पत्र है और वह एजेंसी के भरोसेमंद ढांचे का हिस्सा है तो आईएईए इस घटना पर चुप नहीं रह सकता। श्री इस्लामी ने कहा कि जून में इजरायली और अमेरिकी हमलों में जिन परमाणु ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया था, वहां आईएईए के निरीक्षकों ने लगातार सहयोग के ढांचे के तहत और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की इजाजत से दौरे किये हैं।

# बांग्लादेश चुनाव के बाद तेजी से बदलेगा राजनीतिक माहौल : अरविंद गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव होने जा रहा है। चुनावी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। वोटिंग को लेकर कई सख्त नियमों का ऐलान किया गया है। बांग्लादेश में चुनाव में जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के बीच टक्कर देखने को मिल सकती है। इस बीच शिक्षक अरविंद गुप्ता ने कहा कि ये चुनाव सबको साथ लेकर चलने वाला नहीं है। वहीं, उन्होंने 'सीड्स ऑफ हेट : बांग्लादेश एक्सट्रीमिस्ट सर्ज' नाम की किताब पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

शिक्षक अरविंद गुप्ता ने कहा, 'बांग्लादेश अब एक चौराहे पर है। ये बहुत जरूरी चुनाव होने वाले हैं।



आवामी लीग चुनाव में हिस्सा नहीं ले रही है, इसलिए ये चुनाव पक्का सबको साथ लेकर चलने वाला नहीं है, इसलिए ये बांग्लादेश की राजनीति को एक अलग दिशा में बदलने वाला है। शेख हसीना के 15 साल के दौरान की राजनीति और अब बांग्लादेश में जो होने वाला है, वो बहुत अलग है। पिछले दो सालों में अंतरिम सरकार के शासन के दौरान बांग्लादेश में पाकिस्तान की वापसी हुई है। राजनीतिक माहौल बहुत तेजी से बदलने वाला है। हमें इस पर नजर रखनी है और सावधान भी रहना है, क्योंकि इन राजनीतिक दलों का पिछला रिकॉर्ड हमारे लिए अच्छा नहीं रहा है।' 'सीड्स ऑफ हेट : बांग्लादेश एक्सट्रीमिस्ट सर्ज' (नफरत के बीज : बांग्लादेश में चरमपंथियों का उभार) नाम की किताब पर चर्चा को लेकर अरविंद गुप्ता ने कहा, 'यह बुक फैक्ट्स पर आधारित है। यह बांग्लादेश के छह खास इस्लामिक संगठनों को देखती है, जिनमें सबसे खास जमात-ए-इस्लामी है, लेकिन इसमें हिफाजत-ए-इस्लाम, खिलाफत मजलिस, इस्लामी आंदोलन, हिज्ब-ए-तहरीर और हरकत-उल-जिहाद-ए-इस्लामी-बांग्लादेश भी शामिल हैं। यह हमें उनकी आइडियोलॉजी, उनके लीडर्स, उनकी गतिविधि, उनका कनेक्शन वगैरह के बारे में बैकग्राउंड जानकारी देती है।'

राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन श्रृंगला ने किताब को लेकर कहा, 'हमारे यहां ऐसे समुदाय हैं, जो बॉर्डर के दोनों तरफ एक जैसे हैं, इसलिए भाषा, सांस्कृतिक और दूसरे संबंध जरूरी हैं।

बेशक, आप जानते हैं, जो कुछ भी होता है, उसके अच्छे और बुरे, दोनों असर से हमें निपटना होगा। हमारा पूरा पूर्वी इलाका, कुछ मायनों में, वहां होने वाले विकास के लिए कमजोर हो सकता है, जैसा कि हमने पहले भी देखा है।' उन्होंने कहा, 'हम अपने सबसे अच्छे हितों को सुरक्षित करने के लिए सभी राजनीतिक समूहों के साथ काम करते हैं, जो असल में अपने पड़ोसियों के साथ शांति और तालमेल से रहना है।

## एच-1बी वीजा प्रोग्राम खत्म करने के लिए अमेरिका में नया बिल पेश

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

एक रिपब्लिकन प्रतिनिधि ने अमेरिका में एच-1बी वीजा योजना को खत्म करने के लिए एक नया कानून पेश किया है। उनका कहना है कि यह योजना अमेरिकी नागरिकों के बजाय विदेशी कामगारों को ज्यादा प्राथमिकता देती है, जिससे स्थानीय लोगों को नुकसान होता है। अमेरिकी प्रतिनिधि ग्रेग स्टयूबी ने इस कानून की घोषणा की है। इस प्रस्तावित कानून का नाम 'एंडिंग एक्सप्लॉइटेटिव इम्पोर्टेड लेबर एग्जेम्प्शंस एक्ट' है, जिसे संक्षेप में एक्साइल एक्ट कहा जा रहा है।

इस कानून के जरिये इमिग्रेशन और नेशनलिटी एक्ट में बदलाव करने का प्रस्ताव है, ताकि एच-1बी वीजा योजना को पूरी तरह बंद किया जा सके। एच-1बी वीजा के तहत अमेरिकी कंपनियों को तकनीक, इंजीनियरिंग, चिकित्सा और वित्त जैसे विशेष क्षेत्रों में विदेशी कर्मचारियों को नौकरी देने की अनुमति मिलती है। स्टयूब ने कहा, 'अमेरिकी नागरिकों की भलाई और समृद्धि के बजाय विदेशी कामगारों को प्राथमिकता देना हमारे मूल्यों और राष्ट्रीय हितों को कमजोर करता है। हमारे कर्मचारियों




और युवाओं को एच-1बी वीजा प्रोग्राम से लगातार विस्थापित और अधिकारहीन किया जा रहा है, जो हमारे वर्कफोर्स की कीमत पर कंपनियों और विदेशी प्रतिस्पर्धियों को फायदा पहुंचाता है।' स्टयूब ने आगे कहा, 'हम अपने बच्चों के लिए अमेरिकी सपने को तब तक सुरक्षित नहीं रख सकते जब तक हम उनका हिस्सा गैर-नागरिकों को देते रहेंगे। इसलिए, मैं काम करने वाले अमेरिकियों को फिर से प्राथमिकता देने के लिए एक्साइल एक्ट पेश कर रहा हूं।' उनके कार्यालय की ओर से जारी जानकारी में बताया गया है कि इस कानून के लागू होने से एच-1बी वीजा योजना पूरी तरह खत्म हो जाएगी। इसमें यह भी कहा गया है कि एच-1बी वीजा पाने वालों में 80 प्रतिशत से ज्यादा लोग भारतीय या चीनी नागरिक हैं और अक्सर कम उम्र के कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाती है।

# बंगलादेश में गुरुवार को आम चुनाव

» **ढाका, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

बंगलादेश गुरुवार को होने वाले आम चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें 12.7 करोड़ से अधिक मतदाताओं के देश भर में 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बंगलादेश चुनाव आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने कहा कि चुनाव की सभी तैयारियां अब पूरी हो चुकी हैं।

अधिकारी के अनुसार, 300 निर्वाचन क्षेत्रों में से 299 के लिए मतपत्र और अन्य सभी मतदान सामग्री पहले ही वितरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान स्थगित कर दिया गया है, जो बाद में आयोजित किया जाएगा।

श्री अहमद ने ढाका में विदेशी पत्रकारों और मीडिया पेशेवरों के लिए एक मीडिया सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि देश के 13वें आम चुनाव और जनमत संग्रह के लिए मतदान गुरुवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक एक साथ होगा। चुनाव अधिकारियों ने पहले कहा था कि अगस्त 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद पहली बार होने वाले इस चुनाव के लिए 12.7 करोड़ से अधिक मतदाताओं को पंजीकृत किया गया है। बंगलादेश संसद में कुल 350 सीटें हैं, जिनमें से 50 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

## इस्लामी क्रांति की सालगिरह पर एकता दिखाएं, दुश्मन को करें निराशः खामेनेई



**तेहरान, यूटर्न/ 10 फरवरी।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को ईरानियों से अनुरोध किया कि वे 1979 की इस्लामी क्रांति की 47वीं सालगिरह से पहले एकता दिखाएं और दुश्मन को निराश करें। श्री खामेनेई ने एक टेलीविजन संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शक्ति मिसाइलों और विमानों जैसे सैन्य हार्डवेयर के बजाय दृढ़ संकल्प और प्रतिरोध पर ज्यादा निर्भर करती है। उनकी यह टिप्पणी तब आई है जब ईरान क्रांति की जीत का जश्न मनाने के लिए बुधवार को देशव्यापी रैलियों की तैयारी कर रहा है। श्री खामेनेई ने कहा, जब तक दुश्मन निराश नहीं होता, एक राष्ट्र उत्पीड़न के संपर्क में रहता है। दुश्मन को निराश होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि यह वार्षिक मार्च को गरिमा का प्रदर्शन है जो विदेशी शक्तियों को ईरानी मामलों में हस्तक्षेप करने की महत्वाकांक्षाओं से पीछे हटने के लिए मजबूर करता है।

# बांग्लादेश में कट्टरपंथी खतरे पर अमेरिका ने जताई चिंता

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 10 फरवरी।**



अमेरिका में बांग्लादेश को लेकर यूएस कांग्रेस की एक ब्रीफिंग में चेतावनी दी गई है कि यह देश एक गंभीर राजनीतिक मोड़ की ओर बढ़ रहा है। बताया गया कि लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर हो रही हैं और 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले धार्मिक अल्पसंख्यकों पर खतरा बढ़ता जा रहा है।

यह ब्रीफिंग हिंदूएक्शन और कोहना संगठनों ने रेबर्न हाउस ऑफिस बिल्डिंग में आयोजित की थी। इसमें अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ विशेषज्ञ माइकल रुबिन ने कहा कि किसी भी देश में सुधार के दावों को परखने का सबसे सही तरीका यह देखना है कि वहां धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है।

माइकल रुबिन ने कहा कि बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी जैसे इस्लामी दल धर्म का इस्तेमाल जवाबदेही से बचने के लिए करते हैं और इससे भड़काऊ माहौल बनता है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब समाज में सहनशीलता खत्म हो जाती है, तो उसे दोबारा हासिल करना बहुत मुश्किल हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में बांग्लादेश तेजी से गंभीर चिंता वाले देश की श्रेणी में आ सकता है और यह स्थिति अमेरिका के लिए चिंता का विषय होनी चाहिए। उनके अनुसार बांग्लादेश आबादी और अर्थव्यवस्था के लिहाज से बहुत अहम देश है और दक्षिण एशिया की दिशा बताने वाला संकेतक भी है।

रुबिन ने अमेरिका की नीति पर भी सवाल उठाए और कहा कि अमेरिका अक्सर पहले घटना होने देता है और फिर प्रतिक्रिया करता है, जबकि समय रहते कदम उठाना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने पॉलिटिकल हिंसा की रिपोर्टिंग में डिप्लोमैटिक टालमटोल की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, 'पैसिव वॉइस का इस्तेमाल करके, आप यह दिखा रहे हैं कि आपको नहीं पता कि बम किसने फोड़ा या आप खास तौर पर उस विषय को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। आप असल में आतंकवाद को व्हाइटवॉश कर रहे हैं।

सवाल-जवाब सेशन के दौरान माइकल रुबिन ने कहा कि जमात-ए-इस्लामी को एक सामान्य राजनीतिक दल की तरह नहीं देखा जाना चाहिए और उन्होंने इसे आतंकी संगठन बताया।

इस ब्रीफिंग में पत्रकार और भू-राजनीतिक विश्लेषक एडेल नजारियन ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी का चुनाव केवल बांग्लादेश का आंतरिक मामला नहीं है, बल्कि इसका असर क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा पर पड़ेगा।

एडेल नजारियन ने कहा कि अवामी लीग को चुनाव प्रक्रिया से बाहर रखना समाज के लिए खतरनाक संदेश है। उन्होंने कहा, 'जब किसी बड़ी पार्टी को चुनावी प्रोसेस से बाहर रखा जाता है, तो समाज को जो मैसेज जाता है वह सीधा और खतरनाक होता है।

# अमेरिका-बांग्लादेश ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर लगाई मुहर



» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 10 फरवरी।**

अमेरिका और बांग्लादेश ने आपसी व्यापार को लेकर एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच आयात-निर्यात पर लगने वाले शुल्क (टैरिफ) तय किए गए हैं और बाजार तक पहुंच, श्रम नियम और डिजिटल व्यापार से जुड़े नियम बनाए गए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह समझौता वॉशिंगटन में एक कार्यक्रम के दौरान हुआ। अमेरिका की ओर से अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने और बांग्लादेश की ओर से वाणिज्य, वस्त्र, जूट, नागरिक उड्डयन और पर्यटन मामलों के सलाहकार शेख बशीर उद्दीन ने इस पर हस्ताक्षर किए।

ग्रीर ने कहा, 'प्रेसिडेंट ट्रंप के लीडरशिप में, यूनाइटेड स्टेट्स एक ऐसी ट्रेड पॉलिसी अपना रहा है जो अमेरिकी वर्कर्स और बिजनेस के लिए असली नतीजे दे।' उन्होंने इस डील को 'मार्केट खोलने, ट्रेड की रुकावटों को दूर करने और अमेरिकी एक्सपोर्टर्स के लिए नए मौके बनाने की दिशा में एक अच्छा कदम' बताया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *